

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-31 अंक-84 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) गुरूवार 08 मई 2025 | पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## ऑपरेशन सिंदूर




# भारत ने पाकिस्तान पर दागीं 24 मिसाइलें, 100 से ज्यादा आतंकी ढेर

## जैश-लश्कर के हेडक्वार्टर तबाह

इस्लामाबाद, (आरएनएस)। पहलगाम हमले का बदला भारत ने पाकिस्तान और पीओके में एयर स्ट्राइक से लिया है। भारतीय सेना ने नौ आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर को सफलता पूर्वक अंजाम दिया है। भारत ने पाकिस्तान पर 24 मिसाइलें दागीं। इस एयरस्ट्राइक में 100 से ज्यादा आतंकी ढेर हो गए हैं। पीएम नरेंद्र मोदी लगातार इस पूरी सैन्य कार्रवाई पर नजर रखे हुए हैं। भारत ने ठीक 15 दिन बाद पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दिया है। हमले के लिए जिम्मेदार समूहों जैश-लश्कर के हेडक्वार्टर तबाह हो गए हैं। भारत सरकार ने पुष्टि की है कि सभी नौ ठिकानों पर सफलतापूर्वक हमला किया गया, जिससे पाकिस्तान में कोई भी नागरिक या सैन्य ढांचा प्रभावित नहीं हुआ। यह हमला 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले के जवाब में भारत की कार्रवाई का हिस्सा था, जिसमें जम्मू-कश्मीर में 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की जान चली गई थी। यह ऑपरेशन भारत द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए एक सुनियोजित कदम था कि हमले के लिए ज़िम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाए, जबकि आगे की स्थिति से बचने के लिए संयम बनाए रखा गया।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रात भर ऑपरेशन की प्रगति पर बारीकी से नजर रखी। सूत्रों ने पुष्टि की कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों और सैन्य कमांडरों के साथ लगातार संपर्क में थे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अभियान योजना के अनुसार आगे बढ़े। प्रधानमंत्री की सक्रिय भागीदारी ने मिशन के महत्व और आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को उजागर किया। भारतीय सेना के प्रवक्ता ने पुष्टि की कि हमले केंद्रित, मापे गए थे।लक्ष्य, जिन्हें ज्ञात आतंकी शिविर और बुनियादी ढांचे के रूप में पहचाना गया था, पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में स्थित थे। सेना के बयान में इस बात पर जोर दिया गया कि किसी भी पाकिस्तानी नागरिक, सैन्य या आर्थिक बुनियादी ढांचे को नुकसान नहीं पहुंचाया गया, जो लक्षित आतंकवाद विरोधी प्रयासों के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।भारतीय सेना के प्रवक्ता ने कहा, हमारी कार्रवाई केंद्रित और सटीक रही है। हमने केवल उन आतंकवादी शिविरों को निशाना बनाया है, जहां से भारत के खिलाफ हमलों की योजना बनाई गई और उन्हें अंजाम दिया गया। उन्होंने कहा कि न्याय हुआ।



## 11 एयरपोर्ट्स से ऑपरेशन बंद, एयर इंडिया ने 9 शहरों में सभी उड़ानें रद्द कीं

नई दिल्ली, (आरएनएस)। भारतीय सेना ने बुधवार को 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आतंकियों के नौ ठिकानों पर सटीक हमला किया। इसके बाद देश के कई इलाकों से उड़ानों को रद्द या देर से चलाया गया। 11 सीमावर्ती हवाईअड्डों पर फ्लाइट ऑपरेशन तत्काल प्रभाव से बंद कर दिए गए हैं। प्रभावित हवाईअड्डों में जम्मू, श्रीनगर, लेह, चंडीगढ़, बीकानेर, जोधपुर, राजकोट, धर्मशाला, अमृतसर, भुज और जामनगर शामिल हैं। एयर इंडिया ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म ङ्ग पर बताया कि जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट के लिए सभी उड़ानें दोपहर तक रद्द कर दी गई हैं। इसके साथ ही दो अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को अमृतसर से दिल्ली डायवर्ट कर दिया गया।

## हमले में आतंकी मसूद अजहर का पूरा परिवार खत्म

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला ले लिया है। भारत ने मंगलवार देर रात 'आपरेशन सिंदूर' लांच करते हुए 1 बजकर पांच मिनट से लेकर 1 बजकर 30 मिनट तक पाकिस्तान में ताबड़तोड़ एयर स्ट्राइक की। इस हमले में अब तक 100 से अधिक आतंकियों की मौत हो गई। इसी बीच मसूद अजहर को लेकर खबर सामने आ रही है।सूत्रों के अनुसार भारतीय सेना की एयर स्ट्राइक में जैश-ए-मोहम्मद के प्रमुख आतंकवादी मसूद अजहर का पूरा परिवार मारा गया है। पाकिस्तान मीडिया के मुताबिक, भारत ने मसूद अजहर के घर पर हमला किया है, जिसमें 10 लोगों की मौत हुई है। यह बात मसूद अजहर ने कबूली है। रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय सीमा से 100 किमी दूर पर स्थित मसूद अजहर के घर बहाबलपुर में रात के करीब 1.30 बजे भारतीय सेना ने स्ट्राइक किया। इस स्ट्राइक में मसूद के उस ठिकाने पर बम गिराए गए, जहां उसका पूरा परिवार सोया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि बम गिरते ही परिवार के 10 लोग ढेर हो गए। हालांकि, हमले के वक्त घर पर मसूद अजहर मौजूद नहीं था।



## पीएम मोदी ने यूरोप दौरा किया रद्द

नई दिल्ली (आरएनएस)। पाकिस्तान और (पीओके) में आतंकियों के नौ ठिकानों पर भारतीय सेना की ओर से की गई एयर स्ट्राइक के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने यूरोप दौरे को रद्द कर दिया है। इससे पहले, पीएम मोदी रूस दौरे को भी रद्द कर चुके हैं। सूत्रों के अनुसार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नॉर्वे, क्रोएशिया और नीदरलैंड की यात्रा पर जाने वाले थे, लेकिन उन्होंने अपनी इस यात्रा को रद्द कर दिया।




भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बाद हाई अलर्ट के बीच सुरक्षाकर्मी बारामूला-उरी राजमार्ग पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया।

## ऑपरेशन सिंदूर : कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह ने पाकिस्तान को सबूत के साथ दिखाई औकात

नई दिल्ली, (आरएनएस)। 'ऑपरेशन सिंदूर' को लेकर भारतीय सेना, वायुसेना और विदेश मंत्रालय ने संयुक्त प्रेस ब्रीफिंग की, जिसमें विदेश सचिव विक्रम मिस्री, वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह और भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी शामिल हुईं। सैन्य अधिकारियों ने आतंकी ठिकानों पर किए गए हमले की क्लिप भी दिखाई। कर्नल सोफिया कुरैशी और विंग कमांडर व्योमिका सिंह भारतीय सशस्त्र बलों की दो जांबाज महिला अधिकारी हैं, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर की प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाग लेकर देश का गौरव बढ़ाया। आइए आपको वायुसेना की विंग कमांडर व्योमिका सिंह और भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी के बारे में बताते हैं।कर्नल कुरैशी भारतीय सेना की एक ऐसी शख्सियत हैं, जिन्होंने अपने साहस, नेतृत्व और समर्पण से देश का गौरव बढ़ाया है। वह मूल रूप से गुजरात की रहने वाली हैं। सोफिया का परिवार सैन्य परंपरा से जुड़ा हुआ है। उनके दादा भारतीय सेना का हिस्सा थे, जबकि उनके पिता ने कुछ वर्षों तक सेना में धार्मिक शिक्षक के रूप में सेवाएं दीं। इस पारिवारिक पृष्ठभूमि ने सोफिया को सैन्य सेवा के प्रति प्रेरित किया। उनकी निजी जिंदगी में भी सेना से गहरा नाता है। सोफिया की शादी मैकेनाइज्ड इन्फेंट्री के अधिकारी मेजर ताजुद्दीन कुरैशी से हुई है और उनका एक बेटा समीर कुरैशी है।कर्नल सोफिया ने 1999 में चेन्नई की ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी से प्रशिक्षण प्राप्त कर भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के रूप में कमीशन हासिल किया। इसके बाद उन्होंने कई महत्वपूर्ण मिशनों में हिस्सा लिया। साल 2006 में उन्होंने कांगो में संयुक्त राष्ट्र शांति स्थापना मिशन में सैन्य पर्यवेक्षक के रूप में सेवा दी। 2010 से वह शांति स्थापना अभियानों से जुड़ी रहीं।



## प्रधानमंत्री श्री मोदी को पहलगाम आंतकी हमले के मुंहतोड़ जवाब पर बधाई : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### भारतीय सेना का शौर्य गर्व का आधार

भोपाल (निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के संबंध में मीडिया के लिए जारी संदेश में कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जो कहते हैं, वह होता है। हमारी सेना भी जगत जननी मां जगदंबा नवदुर्गा के समान शक्ति संपन्न है, जो दुश्मनों का समूल नाश करने में सक्षम है। पाकिस्तान के 9 आतंकवादी ठिकानों पर भारतीय सेना ने मुंह तोड़ जवाब दिया है, इससे पूरा देश गौरवान्वित है। ऑपरेशन सिंदूर नाम से ही स्पष्ट है, सिंदूर पर हाथ लगाने और गलत निगाह डालने वाले को भारतीय सेना ने जवाब दिया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा था कि हर वह स्थान और हर वह व्यक्ति जो भारत की तरफ गलत निगाह से देखेगा, उसे मिट्टी में मिला देंगे। आपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान के 9 आतंकी ठिकानों का परिणाम आज सबने देखा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी को आतंकी खातमे के इस जबर्दस्त प्रहार की कोटिश: बधाई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्रीय रक्षा मंत्री, गृहमंत्री, सरकार और पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में एकजुटता दिखाने वाले सभी भारतवासियों के लिए यह गौरव का विषय है।



## महाकाल को चढ़ाया तिरंगा, संतों ने किया शंखनाद और मुसलमानों ने भी मनाया जश्न

### - मुस्लिम त्योहार कमेटी ने पाक झंडे को पैरों तले रौंदा

भोपाल (ए)। पहलगाम आतंकी हमले का करारा जवाब देते हुए भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर हमला कर 24 मिसाइलें दागीं। भारतीय वायुसेना के इस साहसिक कदम के बाद पूरे देश में जश्न का माहौल है, खासकर मध्यप्रदेश में। उज्जैन, इंदौर, ग्वालियर और भोपाल समेत कई शहरों में लोगों ने उत्साह के साथ इस सफलता का जश्न मनाया।उज्जैन के विश्व प्रसिद्ध महाकाल मंदिर में भक्तों और पुजारियों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता पर मिठाई बांटी और भगवान महाकाल को तिरंगा और सिंदूर अर्पित किया। श्रद्धालुओं ने भारतीय सेना की सफलता के लिए प्रार्थना की और कहा कि यह हमला पाकिस्तान और आतंकवाद के समर्थकों को कड़ा संदेश है। उज्जैन के सांसद अनिल फिरोजिया के निवास पर भी मिठाई बांटी गई और खुशी में डांस किया गया।भोपाल में ऑल इंडिया मुस्लिम त्योहार कमेटी की अगुवाई में इतवारा चौक पर पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। लोगों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए और देशभक्ति के गीतों के बीच लड्डू बांटे। वहीं पाकिस्तान के झंडे को पैरों तले रौंदा गया और बाद में उसे आग के हवाले कर विरोध जताया गया।इंदौर में संतों का शंखनाद, 56 दुकान पर बांटी मिठाई इंदौर के रीगल चौराहे पर संतों ने शंखनाद कर भारतीय सेना के साहसिक कदम का समर्थन किया। यहां पाकिस्तान का झंडा जलाया गया और आतंकवाद के खिलाफ नारेबाजी की गई। 56 दुकान पर लोगों के बीच मिठाई बांटी गई। 56 दुकान संगठन के अध्यक्ष गुंजन शर्मा ने कहा, यह हमारी पहली जीत है और हम हर आगंतुक का स्वागत कर रहे हैं।



## देश के 244 शहरों में 12 मिनट ब्लैकआउट किया, मॉक ड्रिल में हमले से बचने के तरीके सिखाए, युद्ध के हालात से निपटने की तैयारी




नई दिल्ली (ए)। पहलगाम आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारत ने मंगलवार रात पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (PoK) में 9 आतंकी ठिकानों पर हमला किया। देश के 25 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के 244 शहरों में 12 मिनट की ब्लैकआउट एक्सरसाइज की गई। गृह मंत्रालय ने इन शहरों को सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट के तौर पर लिस्ट किया है। ये सामान्य प्रशासनिक जिलों से अलग हैं।

इससे पहले, इन 244 शहरों में युद्ध के दौरान बचाव के तरीकों को लेकर मॉक ड्रिल हुई। इसमें लोगों, कर्मचारियों, स्टूडेंट्स को आपात स्थिति में बचाव और लोगों को निकालने के तरीके समझाए गए।

सिविल डिफेंस डिस्ट्रिक्ट्स को उनकी संवेदनशीलता के आधार पर 3 कैटेगरी में बांटा गया है। कैटेगरी-1 सबसे संवेदनशील और कैटेगरी-3 कम सेंसेटिव है। गृह मंत्रालय ने 5 मई को सभी राज्यों को मॉक ड्रिल कराने के आदेश जारी किए थे।

## आतंक के खिलाफ हर कार्रवाई में सरकार को हमारा समर्थन, ऑपरेशन सिंदूर पर बोले कांग्रेस अध्यक्ष खरगे

नई दिल्ली(आरएनएस)। पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने के लिए भारतीय सेना की ओर से की गई कार्रवाई पर कांग्रेस का बड़ा बयान सामने आया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि आतंक के खिलाफ हर कार्रवाई में हम सरकार के साथ खड़े हैं। सरकार को हमारा पूरा समर्थन है। इस कार्रवाई को अंजाम देनेवाले जांबाज सैनिकों को हम सलाम करते हैं।वहीं लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा, हमने कार्यसमिति में इस मामले पर चर्चा की। भारतीय सेना को हमारा पूरा समर्थन है। इस एक्शन के लिए हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं। कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस कार्यसमिति की ओर से पूरा समर्थन है।बता दें कि पाकिस्तान स्थित आतंकी कैंपों पर भारतीय सेना द्वारा किए गए हमलों के बाद कांग्रेस की ओर से एक इमरजेंसी बैठक बुलाई गई।



## तिलमिलाए पाकिस्तान ने की एलओसी पर फायरिंग, 3 भारतीय नागरिकों की मौत, भारतीय सेना ने भी दिया करारा जवाब

श्रीनगर (आरएनएस)। पहलगाम आतंकी हमले के 15 दिन बाद भारत ने मंगलवार रात 1:44 बजे पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। जवाब में पाकिस्तान ने जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर रातभर भारी गोलाबारी की। इसमें 3 नागरिकों की मौत हो गई और 10 से ज्यादा लोग घायल हुए।

भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत बहावलपुर समेत 9 ठिकानों को निशाना बनाया। बहावलपुर जैश-ए-मोहम्मद का बड़ा अड्डा है। सेना ने X पर पुष्टि की कि भीमबेर गली सेक्टर में पाकिस्तान ने संघर्ष विराम का उल्लंघन किया, जिसका जवाब दिया गया।

पाकिस्तानी गोलाबारी से पुंछ के मनकोट में महिला की मौत हुई, उसकी 13 साल की बेटी घायल हो गई। पुंछ, राजौरी, कुपवाड़ा और उरी सेक्टर में मोर्टार और तोप से हमले हुए। लोगों को बंकरों में छिपना पड़ा। हालात को देखते हुए जम्मू, सांबा, कठुआ, राजौरी और पुंछ जिलों में आज सभी स्कूल-कॉलेज बंद हैं। 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले में 26 नागरिक मारे गए थे। तब से यह जम्मू-कश्मीर में गोलीबारी की लगातार 13वीं रात रही।







# एमपी में सांची दूध के रेट बढ़े

भोपाल (आरएनएस)। अमूल के बाद अब सांची ने भी ग्राहकों को झटका दिया है। सांची ने भी दूध के रेट बढ़ा दिए हैं। 1 लीटर दूध पर 2 रुपए, जबकि आधा लीटर पर एक रुपए की बढ़ोतरी की गई है। 7 मई से नए रेट लागू हो जाएंगे। यानी, कल से सांची दूध महंगा मिलेगा।भोपाल के अलावा इंदौर में भी सांची दूध महंगा हुआ है। वहीं, उज्जैन, ग्वालियर, सागर, बुंदेलखंड दुग्ध संघ भी रेट बढ़ा रहे हैं। भोपाल में पैक्ड दूध में सांची की सबसे ज्यादा खपत होती है। रोज साढ़े 3 लाख लीटर से अधिक दूध की खपत है। अमूल की खपत 70 हजार लीटर है। इसके बाद सौरभ, श्रीधी, मदर डेयरी के दूध भी पैकेट में बिकते हैं। सौरभ और श्रीधी की बात करें, तो इनकी करीब 1 लाख लीटर दूध की खपत शहर और भोपाल के ग्रामीण इलाकों में है। मदर डेयरी ब्रांड के दूध की ज्यादातर खपत शहर में ही होती है। सांची ने पिछले साल जुलाई में रेट बढ़ाए थे। करीब 10 महीने के बाद फ्रि से दूध के रेट में बढ़ोतरी की गई है। हालांकि, सांची डीटीएम 160 एमएल टोंड मिल्क एवं परिवार 200 मिमी पैक दूध के रेट में बढ़ोतरी नहीं की गई है।

# शाहपुरा में झाड़ियों में मिला भ्रूण

भोपाल(आरएनएस)। शाहपुरा थाने से करीब 300 मीटर दूर झाड़ियों में भ्रूण मिला। भ्रूण लगभग 3 महीने का बताया जा रहा है। फ्लिहाल इसे फेंकने वाले का कोई सुराग नहीं मिला है।इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस को संदेह है कि गर्भपात के बाद भ्रूण को फेंका गया है।

वहीं, पुलिस को भ्रूण की जानकारी रायसेन के एक व्यक्ति ने दी। वह शिकायत लेकर थाने आया था। लौटते समय उसने झाड़ियों में भ्रूण देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी।थाना प्रभारी लोकेंद्र ठाकुर ने बताया कि आसपास के अस्पतालों में हाल ही में भर्ती हुई गर्भवती महिलाओं की जानकारी निकाली जा रही है। साथ ही, रघुनाथ नगर की ओर आने वाले रास्तों के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं, जिससे पुलिस को कुछ सुराग मिलने की उम्मीद है।

# एमपी बोर्ड 10वीं-भोपाल के अश्विनी केवट ने 500 में से 494 अंक प्राप्त किए

भोपाल(आरएनएस) ।माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया है। प्रदेश में इस बार कुल 76.22त्न विद्यार्थी सफ्ल रहे, जो पिछले साल के 58.10त्न परिणाम की तुलना में बेहद सुधार है। बावजूद इसके, राजधानी भोपाल का प्रदर्शन प्रदेश के अन्य जिलों के मुकाबले निराशाजनक रहा। भोपाल 28 वें स्थान पर रहा है।भोपाल के एलाइट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र अश्विनी केवट ने प्रदेश की मेरिट में सातवां स्थान हासिल किया है। उन्होंने 500 में से 494 अंक प्राप्त किए।वहीं, सुभाष उत्कृष्ठ विद्यालय, शिवाजी नगर की छात्रा महक बाथरे ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 494 अंक प्राप्त किए और प्रदेश में सातवीं रैंक हासिल की।

सुभाष एक्सीलेंस स्कूल भोपाल के छात्र लवकेश बरपेटे ने 42 अंक प्राप्त कर स्टेट मेरिट लिस्ट में 9वां स्थान प्राप्त किया है।सुभाष उत्कृष्ट स्कूल की छात्रा इशिका कपूर ने भी 98.02 त्न के साथ प्रदेश में टॉप 10 में अपनी जगह बनाई है। इशिका ने कुल 500 में से 491 अंक हासिल कर प्रदेश में 10वां स्थान पाया है।भोपाल की छात्रा नोया नूर अंसारी ने 10वीं कक्षा की परीक्षा में 98.4त्न अंक प्राप्त कर प्रदेशभर में नौवां और भोपाल जिले में तीसरा स्थान हासिल किया है। नोया ने 500 में से 492 अंक हासिल किए। नोया शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जहांगीराबाद की छात्रा हैं।

# नव गठित जिलों में आपूर्ति कार्यालय और नाप-तौल कार्यालय स्थापित करने की स्वीकृति

भोपाल(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की अध्यक्षता मंत्रि-परिषद द्वारा नव गठित जिले मऊगंज, मैहर एवं पांढुर्णा में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के अंतर्गत जिला आपूर्ति अधिकारी कार्यालय और निवाड़ी, मऊगंज, मैहर एवं पांढुर्णा में नाप-तौल कार्यालय स्थापित करने की स्वीकृति दी। तीन जिला आपूर्ति अधिकारी कार्यालय के लिए कुल 16 पद और 4 जिलों में नाप-तौल कार्यालय के लिए कुल 13 पदों की स्वीकृति दी गयी। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि मऊगंज, मैहर और पांढुर्णा में जिला आपूर्ति अधिकारी का 1-1 पद, सहायक आपूर्ति अधिकारी के 1-1 पद, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी के मऊगंज में 2 और मैहर, पांढुर्णा में 1-1 पद, लेखापाल का 1-1 पद एवं भृत्य का 1-1 पद स्वीकृत किया गया।

# भोपाल में हुआ आपदा प्रबंधन मॉक ड्रिल और ब्लैक आउट का अभ्यास

## प्रशासनिक एजेंसियों ने तत्परता और नागरिकों ने प्रदर्शित की जागरूकता





भोपाल (निप्र)। भोपाल में बुधवार को सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल और ब्लैक आउट का अभ्यास हुआ। आपदा प्रबंधन की दृष्टि से हुए इस व्यापक पूर्वाभ्यास का उद्देश्य नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों के प्रति जागरूक करना और प्रशासनिक एजेंसियों की तैयारी को परखना था। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशन में सम्पन्न इस मॉक ड्रिल में शहर के 5 प्रमुख स्थलों पर प्रभावी रेस्क्यू ऑपरेशन का अभ्यास किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने राज्य आपदा प्रबंधन कक्ष भोपाल से प्रदेश के 5 जिलों में आयोजित मॉक ड्रिल का वर्चुअली अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सभी 5 जिलों के कलेक्टरों से चर्चा कर ड्रिल संबंधी जानकारी भी प्राप्त की।डीबी मॉल में फायर ड्रिल के दौरान आगजनी की स्थिति में त्वरित अग्निशमन और घायलों की सुरक्षित निकासी का अभ्यास किया गया। सरोजनी नायडू महाविद्यालय में स्थापित अस्थायी अस्पताल में घायलों को प्राथमिक उपचार प्रदान करने की प्रक्रिया को सफलतापूर्वक प्रदर्शित किया गया।

न्यू मार्केट में लोगों की सुरक्षित निकासी कर पुलिस लाइन तक पहुँचाने का सफल अभ्यास किया गया, जहाँ भीड़ प्रबंधन और राहत कार्यों में उत्कृष्ट समन्वय देखने को मिला। भेल क्षेत्र में सर्च एवं रेस्क्यू ऑपरेशन के तहत मलबे में फँसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। कोकता मल्टी में भवन ध्वस्तीकरण के दौरान फँसे व्यक्तियों की प्रभावी रेस्क्यू प्रक्रिया को अंजाम दिया गया। कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि इस मॉक ड्रिल से आपात परिस्थितियों में विभिन्न एजेंसियों के बीच समन्वय और नागरिकों की सहभागिता की प्रभावशीलता सिद्ध हुई है। उन्होंने सभी प्रतिभागी दलों की कार्य कुशलता की सराहना की ।

शाम 7:30 से 7:42 बजे तक ब्लैक आउट का अभ्यास भी सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। रेड अलर्ट सायरन की ध्वनि के साथ नागरिकों ने घरों, दुकानों, कार्यालयों एवं संस्थानों की सभी रोशनियाँ बंद कर दीं। वाहन चालकों ने अपने वाहन रोककर हेडलाइट और बैकलाइट बंद रखीं। निर्धारित समय पर ग्रीन अलर्ट सायरन के साथ ऑल क्लीयर सिग्नल जारी किया गया और सभी रोशनियाँ पुनः चालू कर दी गईं। इस दौरान नागरिकों ने अनुशासन और जिम्मेदारी का परिचय देते हुए प्रशासन के निर्देशों का पूर्णतः पालन किया।

# गन्ने का रस पीने आये सिरफिरे ने दुकानदार पर किया एसिड अटैक



## -महिलाओ से दूर बैठने का कहने पर भड़क गया था आरोपी

भोपाल(ए)। शहर के गांधी नगर थाना इलाके में गन्ने का रस पीने आये दुकानदार पर युवक द्वारा एसिड अटैक किये जाने की सनसनीखेज घटना सामने आई है। एसिड अटैक से दुकानदार के हाथ-पांव झुलस गए। मौके पर मौजूद अन्य लोगो ने अंजाम देने वाले युवक को पकड़ लिया जिसे बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी राजेश नाम का युवक आशाराम तिराहे पर गन्ने के जूस की दुकान संचालित करता है। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे आरोपी प्रमोद साहू नामक युवक उसकी दुकान पर गन्ने का रस पीने आया था।उस समय राजेश की दुकान पर पहले से कई महिला ग्राहक बैठी थीं, प्रमोद उन महिलाओ के पास जाकर बैठ गया। दुकानदार राजेश ने उसे महिलाओ से हटकर दूसरी जगह बैठने की बात कही। राजेश की बात सुनकर प्रमोद भड़क गया और उसने अपने पास मौजूद बैग से बोतल निकाली और उसमें भरा एसिड राजेश पर फेंक दिया। एसिड शरीर पर पड़ते ही झूलसने से राजेश की चीखे निकल गई। इसके बाद आसपास मौजूद लोगों ने उसे बचाते हुए आरोपी प्रमोद को पकड़ते हुए पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने उसे अपनी हिरासत में थाने ले गली, वहीं एसिड अटैक से झुलसे राजेश को इलाज के लिये अस्पताल पहुंचाया गया है। मामले में पुलिस ने केस दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू कर दी है।

# मंत्री श्रीमती उइके ने जल दर्पण पोर्टल एवं शिकायत निवारण कॉल-सेंटर का किया शुभारंभ

भोपाल (ए) ।लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने जल दर्पण पोर्टल तथा फीडबैक एवं शिकायत निवारण प्रणाली कॉल-सेंटर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह पहल प्रदेश में पेयजल योजनाओं की निगरानी और हितग्राहियों की समस्याओं के समाधान की दिशा में यह एक ऐतिहासिक कदम है। मंत्री श्रीमती उइके ने कहा कि यह पोर्टल और कॉल-सेंटर हितग्राहियों को अपनी समस्याएं सीधे विभाग तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बनेंगे। इससे न केवल शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित होगा, बल्कि योजनाओं की जमीनी हकीकत से भी विभाग अवगत होगा। इससे कार्यों में पारदर्शिता आयेगी, जबावदेही और सेवा गुणवत्ता में वृद्धि होगी।लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा विकसित यह पोर्टल जल जीवन मिशन के अंतर्गत नल-जल योजनाओं की कव्हरेज और कार्यशीलता की वास्तविक समय में निगरानी करने, हितग्राहियों से प्रत्यक्ष फीडबैक प्राप्त करने, सेवा वितरण की गुणवत्ता मापने, समस्याओं की पहचान करने और तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की



गई है।राज्य स्तर पर स्थापित कॉल-सेंटर नल से जल आपूर्ति की नियमितता, मात्रा और गुणवत्ता जैसे महत्वपूर्ण सेवा मापदंडों का मूल्यांकन करेगा। यह सिस्टम अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए ग्रामीण जल संरचना को मजबूत करेगा और नागरिक संतुष्टि को प्राथमिकता देगा।मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है, जहाँ जल जीवन मिशन की पूर्ण योजनाओं की गतिविधियों का स्वतः फीडबैक लेने की व्यवस्था लागू की गई है।

# ऑपरेशन सिंदूर को लेकर शहर में जश्न, ढोल की थाप पर नाचे, मिठाइंयॉ बांटी, पटाखे फोड़े



भोपाल(ए)। भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान के कई आतंकी ठिकानों पर रात को एक साथ किये जोरदार हमले से जहॉ पाकिस्तान में दहशत फैल गई। वहीं इसकी जानकारी लगते ही रात से ही आमजन में खुशी की लहर दौड़ गई। कई लोगो ने रात में ही आतिशबाजी कर खूशी का इजहार किया और दिन के समय शहर में चारो और देशभक्ती का माहौल नजर आया। आतंकवाद के खिलाफ भारतीय जवानों द्वारा की गई कार्रवाई को लेकर राजधानी में आमजन के साथ ही, व्यापारियों, सामाजिक संगठनों और पार्टी कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी की तो वहीं मिठाइयां बांटी गई। लोगो ने भारत माता की जय के नारे लगाते हुए कहा की भारत सरकार ने आतंकवादियों को उनके घर में घुसकर सबक सिखाया है। मोदी सरकार ने एक बार फिर दिखा दिया कि यह नया भारत है, जो बात कम और कार्रवाई ज्यादा करता है। लिंक रोड नंबर दो पर संस्कृति बचाओ मंच ने कार्यक्रम आयोजित कर पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की। संगठन के अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सेना की खुलकर सराहना करते हुए कहा की पहलगाम हमले का बदला कड़ा संदेश है, लेकिन जनता अभी भी पूरी तरह से संतुष्ट नहीं है। हमें आतंक की जड़ को पूरी तरह खत्म करना चाहिए ताकि वह खूंटा ही न रहे जिस पर उल्लू आकर बैठें हैं।

# एटीएम गए पीएचई कर्मचारी का कार्ड चेंज कर शातिरो ने की 10 हजार की ठगी



भोपाल (ए)। गौतम नगर थाना इलाके में शातिर ठगो ने पीएचई कर्मचारी के साथ 10 हजार की धोखाधड़ी कर डाली। फरियादी एटीएम पैसे निकालने गए थे, जहां उनका कार्ड एटीएम में फंस गया उसी दौरान दो जालसाजो ने उनकी मदद के बहाने एटीएम बदल लिया और फिर 10 हजार की रकम निकाल ली। थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार करोंद निवासी उत्तम सिंह (55) ने लिखित शिकायती आवेदन देते हुए बताया की वह पीएचई में कर्मचारी हैं। सोमवार शाम को वह डीआईजी बंगला चौराहा स्थित एटीएम में रुपए निकालने पहुंचे थे। मशीन में उनका एटीएम कार्ड फंस गया। उसी दौरान बूथ में आये दो युवको ने उनकी मदद करते हुए एटीएम निकालने की बात कही। मदद के बहाने आरोपियों ने उनका एटीएम निकाला और उनकी नजरें बचाकर कार्ड बदलते हुए दूसरा कार्ड उन्हें दे दिया। इसके बाद जालसाजों ने दूसरे एटीएम जाकर 10 हजार रुपए निकाल लिए। बाद में जब उत्तम सिंह के मोबाइल पर रकम निकालने का मैसेज आया तब वह वापस एटीएम पहुंचे लेकिन तब तक शातिर युवक चपंत हो चुके थे। इसके बाद वह थाने पहुंचे पुलिस ने जॉच के बाद अज्ञात आरोपियो के खिलाफ प्रकरण दर्ज जांच में शुरू कर दी है। ठगो का सुराग जुटाने के लिये पुलिस एटीएम बूथ में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

# मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बायो-फ्यूल योजना क्रियान्वयन के लिए उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन

भोपाल (आरएनएस)। राज्य शासन ने मुख्य सचिव की अध्यक्षता में प्रदेश में बायो-फ्यूल परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन किया है। समिति में सचिव वन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास, नगरीय विकास एवं आवास, पशुपालन एवं डेयरी, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास एवं रोजगार सदस्य होंगे। सचिव, नवीन एवं नवकरणीय उर्जा को सदस्य सचिव बनाया गया है।उच्चाधिकार समिति मुख्यतः बायो-फ्यूल योजना की कंडिका 10.2 के अंतर्गत, भूमि सबंधी निर्धारित मानदडों में छूट प्रदान करना, म्युनिसिपल सॉलिड वेस्ट (MSW) के सग्रंहण और बायो-फ्यूल उत्पादकों तक इसके सुगम पहुंच के लिए आवश्यक रूपरेखा तैयार करना, कृषि उपज मंडी के अपशिष्ट की उपलब्धता बायो-फ्यूल उत्पादकों को सुनिश्चित कराना, गोबर की उपलब्धता बायोफ्यूल उत्पादकों को सुनिश्चित कराना, राज्य में कार्यरत सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन कंपनियों को बायो-सीएनजी का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करना, किसानों में फर्मेंटेड ऑर्गेनिक मैन्योर के उपयोग को बढावा देना और सेक्टर में कौशल प्रशिक्षण की व्यवस्था करना जैसे कार्य करेगी।

# एमपी में दूध के बढ़े दामों को लेकर महिला कांग्रेस ने किया प्रदर्शन, बढ़ाई गई कीमतें वापस लेने की मांग



भोपाल (ए.)। सांची ने दूध के दामों में प्रति लीटर दो रुपए की बढ़ोत्तरी की है। दूध के दाम बढ़ने के विरोध में महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल के नेतृत्व में पीसीसी के सामने प्रदर्शन किया। इस दौरान बढ़ाई गई कीमतें वापस लेने की मांग की गई। कांग्रेस नेत्रियों ने हाथों में तख्तियां लेकर नारेबाजी की। विभा पटेल ने डबल इंजन की भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि इसकी दोषपूर्ण नीतियों से आम जनता बेलगाम महंगाई से बेहाल है।10 महीने के अंतराल में दूध के दाम दोबारा 7 मई से बढ़ा दिए गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की सरकार जन और महिला विरोधी है।

### पोलियो ड्रॉप की तरह दूध पिलाना पड़ेगा

भोपाल महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष संतोष कंसाना ने कहा कि जिस तरह से भारत को सोने की चिडिया कहा जाता था। उसी तरह भारत में ये भी कहा जाता था यहां दूध की नदियां बहतीं थीं। भोजन में यदि कुछ न भी मिले तो ये कहा जाता था कि बच्चों को घर से दूध दही पीकर घर से जाना चाहिए। महिला कांग्रेस दूध की कीमतें बढ़ाने का विरोध करती है और सरकार से यह मांग करती है कि दूध की बढ़ी हुई कीमतें वापस लीजिए। वरना महिला कांग्रेस और उग्र आंदोलन करेगी।

### दो वक्त की दाल रोटी का जुगाड़ करना भी मुश्किल

विभा पटेल ने कहा कि सुरसा की भांति बढ़ती महंगाई की वजह से लोगों को दो वक्त की दाल रोटी का जुगाड़ करना भी मुश्किल हो गया है। एक तरफ सब्जी, तेल, मसाले आटा और चावल सहित सभी खाद्य सामग्री की कीमतें लगातार बढ़ रही हैं, ऐसे में 10 महीने के अंतराल में दूध के दाम एक बार फिर 7 मई से बढ़ा दिए गए हैं। भाजपा सरकार के कार्यकाल में दूध की कीमतें पहले से ही काफी अधिक हैं और अब इसमें और वृद्धि करने से आम लोगों को परेशानी होगी।

### आदमी की थाली से दूध भी गायब हो जाएगा?

विभा पटेल ने कहा कि प्रति लीटर 2 रुपए की वृद्धि से उपभोक्ताओं को तगड़ा झटका लगा है। यद्यपि गर्भवती महिलाओं और छोटे बच्चों का दूध के बिना घर का काम नहीं चलता। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी के लिए यह जरूरी है। दूध के दाम में वृद्धि का फैसला पूर्णत- महिला विरोधी, उपभोक्ता वर्ग विरोधी हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि भाजपा सरकार के राज में आने वाले समय में आम आदमी की थाली से दूध भी गायब हो जाएगा? मप्र महिला कांग्रेस जन हित और महिलाओं के हक में मांग करती है कि सांची दूध के दाम में की गई प्रति लीटर की बढ़ोतरी को तुरंत वापिस लिया जाए।

# मंत्री टेटवाल ने संत शिरोमणि ग्लोबल स्किल पार्क में बालिका छात्रावास का किया लोकार्पण

भोपाल (आरएनएस)। कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल की उपस्थिति में संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क एवं राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान भोपाल (NITTTR) के मध्य एमओयू हुआ। यह एमओयू तकनीकी शिक्षा, प्रशिक्षण और शोध के क्षेत्र में आपसी सहयोग को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

इस अवसर पर आयोजित टीम बिल्डिंग वर्कशॉप में जुलाई 2024 बैच के 104 विद्यार्थियों ने सक्रिय भागीदारी की। इस वर्कशॉप का उद्देश्य विद्यार्थियों को कॉर्पोरेट जीवन की आवश्यकताओं के अनुरूप तैयार करना था। मंत्री टेटवाल ने वर्कशॉप में प्रशिक्षण प्राप्त छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।ग्लोबल स्किल पार्क के सीईओ गिरीश शर्मा ने जानकारी दी कि इस समझौते के अंतर्गत दोनों संस्थान फैकल्टी एवं शोधार्थियों के आदान-प्रदान, बहु-विषयक संयुक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम, पाठ्यक्रम डिज़ाइन, छात्रों की इंटर्नशिप एवं प्रशिक्षण, उभरती तकनीकों पर आधारित कौशल विकास कार्यक्रम, तकनीक और अधोसंरचना का साझा उपयोग, तथा इंजीनियरिंग, प्रौद्योगिकी एवं शिक्षा विषयों पर कार्यशालाओं एवं सम्मेलनों का आयोजन करेंगे।

# भोपाल में हाउसिंग के अधूरे प्रोजेक्ट को लेकर लोगों ने कलेक्टोरेट के बाहर प्रदर्शन किया

भोपाल(आरएनएस) ।भोपाल में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत कई हाउसिंग प्रोजेक्ट अधूरे पड़े हैं। गंगानगर, 12 नंबर और बाग मुगालिया में अब तक मकान हैंडओवर नहीं किए जा सके हैं, जबकि मार्च 2025 से फ्लैट्स सौंपे जाने थे। यह मुद्दा विधानसभा में भी उठ चुका है। वहीं, मंगलवार को बड़ी संख्या में लोग रैली निकालकर कलेक्टोरेट पहुंचे और मेन गेट पर ही सड़क पर बैठ गए, ताकि उनकी समस्या का जल्द समाधान हो सके। प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि नगर निगम ने दिसंबर 2025 तक मकान देने का वादा किया है, लेकिन सभी लोगों को मकान मिलेंगे, इसकी संभावना कम है। क्योंकि, अब तक कई बिल्डिंग के स्ट्रक्चर भी खड़े नहीं हुए हैं।

मंगलवार सुबह 11 बजे बड़ी संख्या में लोग कलेक्टोरेट के बाहर एकत्र हुए और 'हम अपना अधिकार मांगते हैं' जैसे नारों के साथ कलेक्टर ऑफ्सि पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से गुहार लगाई कि जल्द से जल्द उन्हें उनके मकान सौंपे जाएं। दोपहर ढाई बजे तक लोग कलेक्टोरेट में ही डटे रहे। इस दौरान कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने नगर निगम की अपर आयुक्त टीना यादव को भी तलब किया और मकान को हैंडओवर करने की तारीख पूछी। प्रदर्शन के दौरान कई लोग प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की तस्वीरें लेकर भी पहुंचे थे।

बता दें कि मकान देने में देरी का सबसे ज्यादा असर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और मध्यम आय वर्ग परिवारों पर पड़ रहा है। लोग समय पर अपने घर पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन हकीकत यह है कि वे किराए, लोन और अन्य खर्चों में अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं।

12 नंबर बस स्टॉप, गंगानगर और बाग मुगलिया के हितग्राहियों ने पिछले साल अक्टूबर के महीने में नगर निगम कार्यालय का घेराव किया था। तब कमिश्नर हरेंद्र नारायण यादव ने हितग्राहियों की बैठक कर आश्वासन दिया था कि दिसंबर 2024, जनवरी 2025 और मार्च 2025 में पजेशन दे दिया जाए, लेकिन कमिश्नर के आश्वासन का कोई असर नहीं हुआ।

12 नंबर बस स्टॉप पर पीएम आवास योजना के तहत 2017 में प्रोजेक्ट की शुरुआत हुई थी। दो साल में प्रोजेक्ट पूरा होना था। इस प्रोजेक्ट के तहत स्ब्धत्न 216, स्ब्धत्न 576 और श्वङ्खस् 1008 फ्लैट बनाए गए हैं। इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत 247 करोड़ है। निगम साल 2017 में ही बड़ा इवेंट कर इन फ्लैट्स की बुकिंग शुरू की थी।नगर निगम के गंगानगर और बागमुगालिया समेत कई जगहों पर प्रोजेक्ट चल रहे हैं। पीएम आवास योजना के तहत मकान बन रहे हैं, लेकिन काम में लेटलतीफी आम लोगों पर भारी पड़ रही है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान तहत कुएं के रिचार्ज के लिए गड्ढे का किया जा रहा निर्माण

## कुएं के पास गड्ढे के निर्माण से पानी के लेवल में होगी वृद्धि



मंदसौर .(आरएनएस)। जिले में "जल गंगा संवर्धन अभियान" लगातार किया जा रहा है। यह अभियान लगातार 30 जून तक संचालित होगा। यह अभियान जन-जन के जीवन से जुड़ा महत्वपूर्ण अभियान है। अभियान के अंतर्गत जहां एक ओर मनरेगा से नये तालाब बनाये जा रहे है, वहीं दूसरी ओर पुराने तालाबों, बावड़ियों और कुँओं का जीर्णोद्धार किया जा रहा है। साथ ही वृक्षारोपण भी किया जा रहा है। नदियों को साफ-स्वच्छ एवं जल एकत्रित करने के लिए भी कार्य किए जा रहे हैं।

इसी अभियान के तहत जिले में कुएं के रिचार्ज के लिए गड्ढे का निर्माण किया जा रहा है। अभियान को सभी के सहयोग से जन आंदोलन के रूप में जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में चलाया जा रहा है। अभियान में जल संरक्षण के साथ ही वृक्षारोपण पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

## कलेक्टर कार्यालय में मंत्री टेटवाल ने ली समीक्षा बैठक, सभी कार्य उचित ढंग से पूर्ण करने के दिये दिशा निर्देश

राजगढ़ (आरएनएस)। तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार निर्माण मंत्री गौतम टेटवाल ने कलेक्टर कार्यालय पर जिला स्तरीय योजनाओं, विकास परियोजनाओं और विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में राजगढ़ कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक, विधायक सहित क्षेत्रयी जनप्रतिनिधी मौजूद रहे। -समीक्षा बैठक में मंत्री टेटवाल ने उचित ढंग से कार्य पूर्ण करने के दिए दिशा निर्देश


त्रेमासिक समीक्षा बैठक में मंत्री गौतम टेटवाल ने जिला अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य योजनाओं की प्रगति का मूल्यांकन कर सुनिश्चित करें कि सभी कार्य उचित ढंग से क्रियान्वित हो सकें।

# 4 महीने पहले कोर्ट मैरिज करने वाले दम्पत्ति मिले फांसी के फदे पर

**>>> रात 12 गए थे कमरे में सोने सुबह नहीं उठे देर तक तो पिता ने खटखटाया दरवाजा**

**>>> अन्य परिजनों ने दरवाजे को धक्का दिया तो रह गए हक्के-बक्के**

रतलाम,( आरएनएस)। जिले के समय पश्चात गांव में सुबह कमरे में नव दंपति फांसी के फंद्दे पर लटके मिले। सूचना मिलते ही एचडीओपी ग्रामीण किशोर पाटन वाला सहित पुलिस मौके पर पहुंची। सन्देहास्पद मौत पर पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नामली थाना क्षेत्र के पंचेड़ गांव निवासी अंबाराम बागरी ने बताया कि रात को 12:00 बजे बेटा बहू कमरे में सोने के लिए गए थे। सुबह देर तक नहीं उठे तो दरवाजा खटखटाया। दरवाजा नहीं खुला तो फिर अन्य परिजन भी आए। दरवाजे को धक्का दिया तो खुल गया लेकिन हम सब हक्के बक्के रह गए।



देखा तो बेटा जितेंद्र (24) और बहू दुर्गा (21) बल्ली पर लटके हुए थे। परिजनों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी।

### परिजनों ने ही उतार लिए शव

पुलिस मौके पर पहुंचती उसके पहले ही परिजनों ने शव को नीचे उतार लिया था।

### पुलिस कर रही है एंगल से जांच

मौके पर ग्रामीण एसडीओपी किशोर पाटनवाला, नामली थाना प्रभारी पातीराम डावरे सहित अन्य पुलिसकर्मी पहुंचे। दोनों के शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजा गया। दम्पत्ति की सन्देहास्पद मृत्यु पर पुलिस हर एंगल से जांच कर रही है।

### बहु दुर्गा के नहीं है माता-पिता

पिता ने बताया कि बेटे जितेंद्र बागरी ने नागदा की रहने वाली दुर्गा से 4 महीने पहले ही कोर्ट में शादी की थी। बहु दुर्गा के माता-पिता नहीं है। वह काका के पास ही रहती थी।

# बारात पर पथराव से मचा हड़कंप, 17 के खिलाफ केस, एक घायल भर्ती, जांच जारी



गुना (ए.)। शहर के बीजी रोड क्षेत्र में उस वक्त अफरा-तफरी का माहौल बन गया जब देर रात एक मैरिज गार्डन में बारात के दौरान अचानक कुछ असामाजिक तत्वों ने पथराव कर दिया। यह घटना शहर के शहनाई गार्डन के पास हुई, जहां ग्राम बरखेड़ा निवासी शर्मा परिवार की बारात समारोह चल रहा था। पथराव की घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं मौके पर पहुंची पुलिस ने 17 आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और कई संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।जानकारी के मुताबिक, मंगलवार देर रात जब शादी समारोह अपने चरम पर था, उसी दौरान कुछ लोगों ने गार्डन के बाहर से पत्थर फेंकना शुरू कर दिया। अचानक हुई इस घटना से शादी में मौजूद बाराती व मेहमान दहशत में आ गए और भगदड़ की स्थिति बन गई। चश्मदीदों के अनुसार पत्थरबाज़ी अचानक शुरू हुई और कुछ ही मिनटों में कई लोग चोटिल हो गए। शोरगुल और हंगामे के बाद किसी ने पुलिस को सूचना दी, जिस पर सिटी कोतवाली पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और हालात को नियंत्रण में लिया।

सिटी कोतवाली थाना प्रभारी सी.पी.एस. चौहान ने बताया कि फरियादी विशाल कमरईया की रिपोर्ट पर 17 नामजद आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने कई संदिग्धों को पकड़ लिया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। वहीं एक घायल व्यक्ति को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कुछ अन्य आरोपी फिलहाल फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है।

फिलहाल पुलिस यह जांच कर रही है कि पथराव की इस घटना के पीछे की वजह क्या थी—क्या यह आपसी रंजिश का मामला था या फिर किसी पूर्व विवाद के चलते यह हमला हुआ। हालांकि, अभी तक इस मामले में पुलिस ने कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है।

पुलिस ने स्थानीय लोगों से शांति बनाए रखने और सोशल मीडिया पर अफवाह न फैलाने की अपील की है। सुरक्षा की दृष्टि से मैरिज गार्डन के आसपास अतिरिक्त बल तैनात किया गया है।

## 200 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ रतलाम के दो गिरफ्तार

### सफेद कार में जा रहे थे आरोपी ड्रग्स लेकर मुख्य आरोपी सुनील सूर्या फरार

रतलाम, (ए)। अवैध मादक पदार्थ की विरुद्ध पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सफेद कार से 200 ग्राम एमडी ड्रग्स के साथ दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में मुख्य आरोपी सुनील सूर्या फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

पुलिस कंट्रोल रूम पर हुई रेस वार्ता में पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर महू नीमच रोड जावरा में पटेल होटल के सामने स्विफ्ट कार में एमडी ड्रग्स की तस्करी करते हुए दो लोगों आरोपी कमलेश जैन पिता पुनमचन्द्र जैन जाति जैन उम्र – 51 साल निवासी शास्त्री नगर रतलाम व साबीर खान पिता मेहमुद खान जाति पठान उम्र 27 साल निवासी डाट की पुल रतलाम को स्वीफ्ट कार क्र MP- 43 /7047 के साथ गिरफ्तार किया है। थाना जावरा पर अप.क्रं- 168/2025 धारा- 8/22,29 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों को न्यायालय में पेश कर उनका पीआर लिया गया और पूछताछ की जा रही है । प्रेसवार्ता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रतलाम राकेश खाखा, नगर पुलिस अधीक्षक जावरा दुर्गेश आर्मो, थाना प्रभारी जावरा शहर निरीक्षक जितेन्द्र सिंह जादौन मौजूद थे। मुख्य आरोपी सुनील सूर्या के खिलाफकई प्रकरण दर्ज

# नरसिंहपुर जिले के सॉईखेडा, सालीचौका और चिचली में जल प्रदाय कार्य

## 52.80 करोड़ रुपये लागत की जल प्रदाय परियोजना जल्द होगी पूरी



नरसिंहपुर (ए.)। नगरीय विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा नरसिंहपुर जिले के सॉईखेडा, सालीचौका और चिचली में जल प्रदाय परियोजना का कार्य तेजी से प्रगति पर है। इस परियोजना से इन तीनों कस्बों की 44,000 से अधिक आबादी को प्रत्यक्ष रूप से लाभ प्राप्त होगा। जलप्रदाय परियोजना की लागत लगभग 52 करोड़ 80 लाख रुपए है। परियोजना में मध्यप्रदेश की जीवन रेखा मानी जाने वाली माँ नर्मदा नदी पर 6.50 एमएलडी क्षमता का जल शोधन संयंत्र स्थापित किया गया है। इससे शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। परियोजना के अन्तर्गत व्यापक वितरण नेटवर्क बिछाया गया है। इसमें सॉईखेडा में 33 किलोमीटर, सालीचौका में 41 किलोमीटर और चिचली में 40 किलोमीटर पाइप लाईन बिछाई गयी है। जल संग्रहण के लिए सॉईखेडा में 2 और चिचली में भी 2 ओवर हेड टैंक निर्मित किए गए है। तीनों कस्बों में नागरिकों को प्रस्तावित कनेक्शन 7232 में से अब तक 6348 प्रदान किए जा चुके हैं। पेयजल परियोजना से हर घर तक पाइपलाइन के जरिए शुद्ध जल पहुँचाया जाएगा, जिससे नागरिकों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार होगा। अब तक परियोजना का 86 प्रतिशत से अधिक कार्य पूर्ण हो चुका है और शेष कार्य तेज गति से किया जा रहा है। मध्यप्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कम्पनी द्वारा संचालित यह परियोजना "हर घर जल" संकल्प की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो आने वाले वर्षों में शहरी जीवन की गुणवत्ता में स्थायी परिवर्तन लाने में सफल होगा।

# व्यापार समाचार

## एप्पल ने भारत में मार्च तिमाही में किया रिकॉर्ड प्रदर्शन, जल्द खुलेगा नया रिटेल स्टोर : टिम कुक

नई दिल्ली (आरएनएस) । एप्पल ने जनवरी-मार्च तिमाही में भारत सहित दुनिया के कई देशों में रिकॉर्ड ग्रोथ दर्ज की है। इसके साथ ही कंपनी दुनियाभर में नए रिटेल स्टोर खोलने की योजना बना रही है।

एप्पल के सीईओ टिम कुक ने कहा, तिमाही के दौरान एप्पल ने दो नए रिटेल स्टोर खोले हैं। हम यूएई में एक नया रिटेल स्टोर, सउदी अरब में ऑनलाइन स्टोर और इस वर्ष के अंत में भारत में नए रिटेल स्टोर शुरू करेंगे। सॉफ्टवेयर में कंपनी ने अभी आईओएस 18.4 जारी किया है, जिसने एप्पल इंटेलिजेंस को फ्रेंच, जर्मन, इतालवी, पुर्तगाली, स्पेनिश, जापानी, कोरियाई और चीनी सहित अधिक भाषाओं में पेश किया है।

मार्च तिमाही में एप्पल की आय 95.4 अरब डॉलर रही है। इसमें सालाना आधार पर 5 प्रतिशत से अधिक का उछाल देखा गया है। प्रति शेयर आय 1.65 डॉलर रही है। इसमें सालाना आधार पर 8 प्रतिशत का उछाल देखा गया है।कुक ने एक बयान में कहा, एप्पल ने मजबूत तिमाही नतीजे जारी किए हैं, जिसमें सर्विसेज में दोहरे अंकों की वृद्धि हुई है।उन्होंने कहा, हमें अपने प्रोडक्ट लाइनअप में आईफोन 16ई को जोड़ा है और एप्पल सिलिकॉन की असाधारण क्षमताओं का लाभ उठाने वाले शक्तिशाली नए मैक और आईपैड पेश किए हैं और हमें यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि हमने पिछले एक दशक में अपने कार्बन उत्सर्जन में 60 प्रतिशत की कटौती की है। एप्पल के मुख्य वित्तीय अधिकारी केवन पारेख ने कहा कि मार्च तिमाही में ईपीएस में 8 प्रतिशत की वृद्धि हुई और ऑपरेशनल कैश फ्लो 24 अरब डॉलर रहा, जिससे कंपनी शेयरधारकों को 29 अरब डॉलर लौटा सकी है।एप्पल के निदेशक मंडल की ओर से कंपनी के सामान्य शेयर के लिए 0.26 डॉलर प्रति शेयर का कैश डिविडेंड घोषित किया गया है। इसमें सालाना आधार पर 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।

डिविडेंड का भुगतान 15 मई, 2025 को शेयरधारकों को किया जाएगा और इसकी रिकॉर्ड डेट 12 मई, 2025 है।

## डिशटीवी वॉचो का नया धमाकाः फ्लिक्स देगा हर कहानी को अपनी पहचान

नई दिल्ली (आरएनएस) । कंटेंट वितरण के क्षेत्र में अग्रणी डिशटीवी इंडिया लिमिटेड ने डिजिटल मनोरंजन के मैदान में एक बड़ा कदम उठाया है। डायरेक्ट-टू-होम सेवा में अपनी मजबूत पकड़ के बाद, कंपनी ने अपने डिजिटल प्लेटफॉर्म वॉचो पर फ्लिक्स नामक एक नया और महत्वाकांक्षी सेगमेंट लॉन्च किया है। यह पहल न केवल ओटीटी बाजार में विविधता लाएगी, बल्कि कंटेंट निर्माताओं और दर्शकों के बीच एक सीधा और सशक्त मंच भी स्थापित करेगी। फ्लिक्स की नींव अप्रैल 2025 में आयोजित कंटेंट इंडिया समिट 2025 में रखी गई थी और वेव्स 2025 में इसका आधिकारिक अनावरण किया गया। इस लॉन्च के साथ, डिशटीवी ने स्पष्ट संकेत दिया है कि वह अब केवल कंटेंट एग्रीगेटर बनकर नहीं रहेगी, बल्कि एक संपूर्ण डिजिटल मनोरंजन केंद्र के रूप में विकसित होगी। फ्लिक्स की सबसे खास बात यह है कि यह कंटेंट क्रिएटर्स को अपनी रचनात्मकता को प्रदर्शित करने के साथ-साथ अपने कंटेंट पर पूर्ण नियंत्रण और उससे कमाई करने का अवसर भी देगा। यह हर पेशेवर क्रिएटर को अपना खुद का ओटीटी ऐप होने जैसा अनुभव प्रदान करेगा। इस प्लेटफॉर्म पर क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय भाषाओं में वेब सीरीज, फिल्में और शॉर्ट-फॉर्म कंटेंट सहित विभिन्न शैलियों का ओरिजिनल और पुरस्कार विजेता कंटेंट उपलब्ध होगा। दर्शकों के लिए यह कंटेंट बेहद किफायती कीमतों पर, मात्र 9 रुपए से शुरू होकर उपलब्ध होगा। इसके अतिरिक्त, कई आकर्षक और मुफ्त कंटेंट विकल्प भी मौजूद रहेंगे। डिशटीवी इंडिया लिमिटेड के सीईओ मनोज डोभाल ने इस लॉन्च पर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, फ्लिक्स सिर्फ एक और डिजिटल लॉन्च नहीं है, यह हमारी सोच, हमारे उद्देश्य और हमारी भविष्य की दिशा का प्रतीक है।

# यूपीआई क्यूआर कोड की संख्या 91.5 प्रतिशत बढ़कर 65.79 करोड़ हुई : आरबीआई




मुंबई ,(आरएनएस) । देश में यूपीआई क्यूआर कोड की संख्या वित्त वर्ष 2024-25 में सालाना आधार पर 91.5 प्रतिशत बढ़कर 65.79 करोड़ हो गई है। यह जानकारी आरबीआई की ओर से दी गई।केंद्रीय बैंक के मुताबिक, यूपीआई क्यूआर कोड में वृद्धि के कारण क्रेडिट कार्ड लेनदेन की वृद्धि दर कम होकर 7.94 प्रतिशत रह गई है। डेबिट कार्ड की संख्या सालाना आधार पर 2.7 प्रतिशत बढ़कर 99 करोड़ पर पहुंच गई है।गूगल पे, पेटीएम और फोनपे जैसे प्लेटफार्मों की बढ़ती पहुंच के साथ यूपीआई क्यूआर कोड की संख्या में तेज वृद्धि हो रही है।

बैंक अधिकारियों ने बताया कि यूपीआई नेटवर्क पर लाइव बैंकों की संख्या अप्रैल में 668 हो गई है। इससे लेनदेन की वैल्यू में भी वृद्धि होने की उम्मीद है।बीते महीने यूपीआई के जरिए होने वाले लेनदेन की संख्या सालाना आधार पर 34 प्रतिशत बढ़कर 17.89 अरब पर पहुंच गई है। साथ ही लेनदेन की वैल्यू सालाना आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 23.95 लाख करोड़ रुपए हो गई है। आरबीआई की वार्षिक रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में डिजिटल भुगतान के लिए सबसे ज्यादा यूपीआई का इस्तेमाल किया जाता है। हर पांच में चार डिजिटल लेनदेन यूपीआई के माध्यम से किए जा रहे हैं।

देश के डिजिटल पेमेंट्स में यूपीआई की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 24 में बढ़कर 79.7 प्रतिशत की हो गई, जो कि वित्त वर्ष 23 में 73.4 प्रतिशत थी।आरबीआई विभिन्न पहलों के माध्यम से डिजिटल भुगतान को सक्रिय रूप से बढ़ावा दे रहा है, जिसमें हर भुगतान डिजिटल अभियान भी शामिल है, जिसका उद्देश्य भारत में हर व्यक्ति को डिजिटल भुगतान के बारे में जागरूक करना है।आरबीआई यूपीआई इन-पर्सन मर्चेंट भुगतान के लिए लेनदेन की सीमा को संशोधित करने में लचीलापन भी देता है, जिससे एनपीसीआई को यूजर्स की जरूरतों के आधार पर सीमाएं समायोजित करने की अनुमति मिलती है, साथ ही सुरक्षा उपाय भी किए गए हैं जिससे भुगतान का तरीका और अधिक सुविधाजनक हो गया है।

## भारत 2025 में बनेगा दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, 2028 में जर्मनी से भी होगा आगे

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत की जीडीपी 2025 में जापान को पछाड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की ओर से जारी किए गए वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक अप्रैल 2025 में यह जानकारी दी गई।

रिपोर्ट में बताया कि 2025 में भारत की नॉमिनल जीडीपी बढ़कर 4,187.017 अरब डॉलर हो जाएगी। वहीं, जापान की जीडीपी का आकार 4,186.431 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। भारत मौजूदा समय में दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। जीडीपी में अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान, भारत से आगे हैं।आईएमएफ के अनुमानों के अनुसार, आने वाले वर्षों में भारत जर्मनी को पछाड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था भी बन सकता है। 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था 5 ट्रिलियन डॉलर के आंकड़े को पार कर सकती है और इस दौरान जीडीपी का आकार 5,069.47 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। वहीं, 2028 तक भारत की जीडीपी का आकार 5,584.476 अरब डॉलर होगा, जबकि इस दौरान जर्मनी की जीडीपी का आकार 5,251.928 अरब डॉलर रहने का अनुमान है।आईएमएफ के अनुमानों में कहा गया कि दुनिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं अमेरिका और चीन 2025 के साथ आने वाले करीब एक दशक तक अपनी रैंकिंग बरकरार रख सकते हैं।आईएमएफ ने 2025 के लिए भारत की जीडीपी विकास दर को घटाकर 6.2 प्रतिशत कर दिया है। इससे पहले जनवरी आउटलुक रिपोर्ट में यह आंकड़ा 6.5 प्रतिशत पर था

## भारत में किफायती 5जी फोन सेगमेंट 100 प्रतिशत बढ़ा, एप्पल प्रीमियम स्मार्टफोन में रहा आगे

नई दिल्ली(आरएनएस)। भारतीय बाजार में जनवरी-मार्च तिमाही में 5जी स्मार्टफोन सेगमेंट की हिस्सेदारी 86 प्रतिशत रही और इसमें सालाना आधार पर 14 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। एक नई रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) की रिपोर्ट के मुताबिक, 8,000 रुपए से 13,000 रुपए की कीमत वाले 5जी स्मार्टफोन सेगमेंट में 100 प्रतिशत की बढ़त हुई है, जो दिखाता है कि देश में किफायती 5जी फोन की मांग बढ़ रही है।

5जी स्मार्टफोन मार्केट में 21 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ वीवो शीर्ष पर है। इसके बाद 19 प्रतिशत के साथ सैमसंग दूसरे स्थान पर है। 5जी और एआई-रेडी स्मार्टफोन की बढ़ती मांग के कारण प्रीमियम सेगमेंट भी तेजी से बढ़ रहा है। सीएमआर में वरिष्ठ विश्लेषक मेनका कुमारी ने कहा,10,000 रुपए और उससे कम के 5जी स्मार्टफोन सेगमेंट में 2025 की पहली तिमाही में सालाना आधार पर 500 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यह किफायती 5जी स्मार्टफोन सेगमेंट में ग्राहकों की बढ़ती रुचि को दिखाता है। उन्होंने आगे कहा कि शाओमी, पोको, मोटोरोला और रियलमी जैसे ब्रांड इस तेजी को लीड कर रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि किफायती स्मार्टफोन सेगमेंट में सालाना आधार पर 3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि वैल्यू-फॉर-मनी सेगमेंट में 6 प्रतिशत की गिरावट हुई है।

# ईवी फर्म बैटरी स्मार्ट का शुद्ध घाटा वित्त वर्ष 2024 में दोगुना होकर 140 करोड़ रुपए हुआ, खर्च में भी उछाल




नई दिल्ली ,(आरएनएस)। गुरुग्राम बेस्ड ईवी स्टार्टअप बैटरी स्मार्ट का वित्त वर्ष 2024 में शुद्ध घाटा 140 करोड़ रुपए पर पहुंच गया है, जो पिछले वित्त वर्ष में दर्ज 61 करोड़ रुपए के घाटे से दोगुना से भी अधिक है। परिचालन राजस्व में तीन गुना वृद्धि के बावजूद, बढ़ती लागत ने कंपनी के मुनाफे पर भारी असर डाला।बैटरी स्मार्ट का परिचालन राजस्व वित्त वर्ष 2024 में 193 प्रतिशत बढ़कर 164 करोड़ रुपए हो गया, जो वित्त वर्ष 2023 में 56 करोड़ रुपए था, जो पूरी तरह से इसके मुख्य व्यवसाय - इलेक्ट्रिक वाहन निर्माताओं के लिए बैटरी-एज-ए-सर्विस द्वारा संचालित है।एनट्रैकर द्वारा रिपोर्ट की गई कंपनी की वित्तीय स्थिति से पता चलता है कि वित्तीय परिसंपत्तियों पर ब्याज से 23 करोड़ रुपए की आय सहित कंपनी की कुल आय वर्ष के लिए 187 करोड़ रुपए रही। हालांकि, कंपनी का कुल व्यय एक साल पहले के 125 करोड़ रुपए से दोगुना होकर 327 करोड़ रुपए हो गया।

आंकड़ों के अनुसार, इसका एक बड़ा हिस्सा मूल्यह्रास शुल्क में लगभग 3.8 गुना वृद्धि से 85 करोड़ रुपए और वित्त लागत में 3.75 गुना वृद्धि से 45 करोड़ रुपए तक आया। एम्प्लॉई बेनिफिट एक्सपेंस भी तेजी से बढ़कर 41 करोड़ रुपए हो गया, जबकि विज्ञापन व्यय 60 प्रतिशत घटकर 8 करोड़ रुपए रह गया।बैटरी स्मार्ट के बढ़ते घाटे लागत दक्षता में चल रही चुनौतियों को दर्शाते हैं।

## भारत दुनिया की चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था बना, जापान को छोड़ा पीछे

नई दिल्ली (आरएनएस)। भारत की अर्थव्यवस्था के लिए एक अच्छी खबर आई है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, भारत अब जापान को पीछे छोड़कर दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। यह उपलब्धि देश की लगातार मजबूत हो रही आर्थिक स्थिति को दर्शाती है।आईएमएफ द्वारा हाल ही में जारी 'वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक' रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि 2025 में भारत की नॉमिनल जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) बढ़कर 4,187.017 अरब डॉलर हो जाएगी। वहीं, जापान की जीडीपी का आकार 4,186.431 अरब डॉलर रहने का अनुमान है। इन आंकड़ों के साथ ही भारत आर्थिक महाशक्तियों की सूची में एक पायदान ऊपर आ गया है।वर्तमान में, भारत से आगे केवल अमेरिका, चीन और जर्मनी हैं। आईएमएफ की रिपोर्ट में यह भी अनुमान लगाया गया है कि भारत जल्द ही जर्मनी को भी पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है।आईएमएफ के आकलन के मुताबिक, भारत 2028 तक जर्मनी को पछाड़ सकता है।

# सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## आतंकवाद कोई साधारण अपराध नहीं

यह समझ तो अब दुनिया भर में है कि आतंकवाद कोई साधारण अपराध नहीं है। बल्कि इसके जरिए आतंकवाद के संरक्षक अपने रणनीतिक उद्देश्य हासिल करना चाहते हैं। सीमा पार से संचालित भारत विरोधी आतंकवाद भी इससे अलग नहीं है। सेना नेतृत्व और सैन्य कमांडरों को सीमा उल्लंघन के मामलों में कार्रवाई की पूरी छूट देना कोई नया फैसला नहीं है। नरेंद्र मोदी सरकार के सत्ता में आने के बाद से यह आम जानकारी रही है कि अब सेना के हाथ बंधे हुए नहीं हैं। पहलगाम आतंकवादी हमले की पृष्ठभूमि में मंगलवार को प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई सर्वोच्च स्तर की बैठक के जो एलान हुआ, उसे उपरोक्त निर्णय की ही फिर से पुष्टि माना जाएगा।बैठक में प्रधानमंत्री ने कहा- 'जवाबी कार्रवाई के तरीके, लक्ष्य और समय तय करने के मामले में सशस्त्र बलों को कदम उठाने संबंधी पूरी स्वतंत्रता है।' इससे संदेश ग्रहण किया जा सकता है कि जवाबी कार्रवाई स्थानीय स्तर पर होगी और यह आतंकवादियों या उनके ठिकानों पर केंद्रित होगी।यह कार्रवाई कब और कहां हो, यह मौके पर तैनात कमांडर तय करेंगे। इसका अर्थ यह निकलता है कि पाकिस्तान के खिलाफ व्यापक युद्ध की संभावना फिलहाल नहीं है। जबकि 22 अप्रैल को हुए आतंकवादी हमले के बाद से ऐसी अटकलें रही हैं कि इस बार पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाया जाएगा।पहले सर्जिकल स्ट्राइक और बालाकोट पर हमले जैसी स्थानीय जवाबी कार्रवाइयां हुई हैं, लेकिन उनसे सीमा पार से संचालित आतंकवाद खत्म करने में कामयाबी नहीं मिली है। जब तक आतंकवाद को संरक्षण एवं प्रश्रय का ढांचा सीमा पार मौजूद है, ऐसा होने की स्थिति बनेगी भी नहीं।अत: इस ढांचे को ध्वस्त करने का लक्ष्य कैसे हासिल होगा, केंद्र इस बारे में देश को भरोसे में ले, तो मौजूद संशयों का निवारण हो सकता है। यह समझ तो अब दुनिया भर में है कि आतंकवाद कोई साधारण अपराध नहीं है। बल्कि इसके जरिए आतंकवाद के संरक्षक अपने रणनीतिक उद्देश्य हासिल करना चाहते हैं। सीमा पार से संचालित भारत विरोधी आतंकवाद भी इससे अलग नहीं है।इसीलिए अपेक्षित है कि स्पष्ट लक्ष्य के साथ और राजनीतिक नेतृत्व की देखरेख में उसका माकूल जवाब दिया जाए। केंद्र के नजरिए में समस्या यह है कि इससे राजनीतिक नेतृत्व अपनी जवाबदेही सैन्य नेतृत्व को हस्तांतरित करता नजर आता है। जबकि इस बारे में जो भी कार्रवाई होगी, उसके परिणाम राजनीतिक होंगे।




तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने हैदराबाद में सेना, पुलिस और अन्य आपातकालीन विभागों के साथ एक आपातकालीन समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की।

# भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान में घुसकर ऑपरेशन सिंदूर कर 9 आतंकी ठिकानों पर सफ़ल टारगेटेड कार्रवाई की

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ की निगाहें भारत पर टिकी हुई थी कि पहलगाम में मारे गए 26 सैलानियों का जवाब दोषियों उनके आकाओं योजनाक़ारो सहयोगियों को किस तरह देगा, क्योंकि भारत की रणनीतिक तैयारी घटना के दिन से ही शुरू हो गई थी। रणनीतिक रूप से मीटिंगों का दौरा,अंतर्राष्ट्रीय देशों से सलाह मशविरा फिर 7 मई 2025 को पूरे भारत के 244 जिलों में सिविल डिफेंस मॉकड्रिल को आयोजित किया गया था, परंतु उसके कुछ घंटे के पूर्व ही रात्रि करीब 1.44 ए.एम पर पाकिस्तान पर भारतीय वायुसेना ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत सफल टारगेटेड सर्जिकल स्ट्राइक कर 9 आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया, यह हमला बहावलपुर कोटली और मुजफ्फराबाद में किया गया है, जिसमें सभी आतंकी कैंप तबाह हो गए हैं। कार्रवाई को सफलता से अंजाम दिया गया, इसके पश्चात रात्रि में ही एक्स: पोस्ट पर सभी संदेश आना शुरू हो गए मैंने सुबह 6 बजे तक लगातार मीडिया चैनलों पर नज़र गाड़ाए रखा था तो सुबह 2.46 बजे राजनाथ सिंह का एक्स: पर पोस्ट आया भारत माता की जय,वहीं कांग्रेस नेता प्रियंका चतुर्वेदी का का 3 बजे के बाद पोस्ट आया माथे का सिंदूर मिटने वालों को उसका जवाब देकर रहेंगे, जय जवान! जयहिंदुस्तान! जय हिंद! इसी प्रकार तेजस्वी यादव, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ,आदित्य ठाकरे इत्यादि के सुबह 4 बजे के आसपास बयान आना शुरू हो गए। मेरा मानना है कि इस सर्जिकल स्ट्राइक का नाम ऑपरेशन सिंदूर इसलिए रखा गया होगा, क्योंकि पहलगाम में अनेकों भारतीय बेटियां अपना हनीमून मनाने गई थी जिनकी चर्चा हम नीचे पैराग्राफ में करेंगे, उनका सिंदूर उजड़ गया था उनसे जात धर्म पूछकर उनके पतियों को मार गिराया गया था, इसलिए इस ऑपरेशन के जरिए उन बेटियों को इंसाफ देने की थोड़ी सी कोशिश की गई है यानी यूं कहें कि यह तो केवल टेलर है अब खेला तो शुरू होगा। चूँकि भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान में घुसकर ऑपरेशन सिंदूर के तहत 9 आतंकी ठिकानों पर सफ़ल टारगेटेड कार्रवाई कर उन्हें ध्वस्त कर दिया है, जिससे भारत नें आतंकवाद के खिलाफ़




अपनी लड़ाई को नया आयाम दिया है, क्योंकि ऑपरेशन सिंदूर से घर में घुसकर पाकिस्तान को करारा जवाब दिया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोगसे इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,ऑपरेशन सिंदूर- भारत ने पाकिस्तान में घुसकर 9 आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर ध्वस्त किया, सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल के कुछ घंटे पूर्व की कार्रवाई हुई। साथियों बात अगर हम दिनांक 7 मई 2025 को अर्ली मॉर्निंग सिविल डिफेंस मॉकड्रिल के कुछ घंटे पहले पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल एयर स्ट्राइक की करें तो, भारत ने पाकिस्तान पर की एयर स्ट्राइक,9 आतंकी ठिकानों पर किया हमला।भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को एक नया आयाम देते हुए ऑपरेशन सिंदूर को लॉन्च किया है। इस ऑपरेशन में भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में स्थित 9 आतंकी ठिकानों पर टारगेटेड स्ट्राइक की है। यह कार्रवाई 6 मई 2025 की देर रात डेढ़ बजे के आसपास अंजाम दी गई। भारत ने आतंकवाद के खिलाफ अपनी लड़ाई को एक नया आयाम देते हुए ऑपरेशन सिंदूर को लॉन्च किया है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, भारतीय वायु सेना ने अत्यन्त सटीक और सावधानीपूर्वक इन ठिकानों को निशाना बनाया है।पीआईबी ने जानकारी दी है कि ऑपरेशन सिंदूर की प्लानिंग को बहुत ही रणनीतिक रूप से तैयार किया गया ताकि आतंकवादियों की गतिविधियों को करारा जवाब दिया जा सके, इस ऑपरेशन के दौरान पाकिस्तान की सैन्य सुविधाओं को नहीं छुआ गया है, जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि कार्रवाई का असल मकसद आतंक को खत्म करना है,न कि पड़ोसी मुल्क के साथ संघर्ष को बढ़ाना, वायु सेना की तरफ से ये स्ट्राइक भारत के कमोबेश 300 लोकेशन पर होने वाले मॉक ड्रिल से कुछ घंटे पहले किया गया है। पीआईबी के मुताबिक, ये कदम पहलगाम में हुए बर्बर आतंक वादी हमले के बाद उठाए गए हैं, जिसमें 26 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी गई थी। भारत अपनी इस प्रतिबद्धता पर खरा उतरा है कि इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा। पीआईबी ने बताया कि 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आगे की जानकारी जल्द ही दी जाएगी। भारतीय सेना ने जम्मू और कश्मीर स्थित पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला ले लिया है सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर स्थित मुजफ्फराबाद में भारतीय सेना ने आतंकी ठिकानों पर स्ट्राइक की।साथियों बात अगर हम रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान की करें तो,भारतीय सशस्त्र बलोंने पाकिस्तान व पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर में आतंकवादी बुनियादी ढांचे को निशाना बनाते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, जहाँ से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई गई. कुल मिलाकर, नौ (9) स्थलों को निशाना बनाया गया है.बयान में कहा गया- हमारी कार्रवाई केंद्रित, सधी और उकसाने से बचने वाली रही,किसी भी पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को निशाना नहीं बनाया गया है भारत ने ठिकानों के चयन और उन्हें तबाह करने तरीके में काफी संयम दिखाया है,बयान के अनुसार ये कदम पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर उठाए गए हैं जिसमें 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक की हत्या कर दी गई थी, मंत्रालय ने कहा कि हम इस प्रतिबद्धता पर खरे उतर रहे हैं कि इस हमले के लिए जिम्मेदार लोगों को जवाबदेह ठहराया जाएगा, बाद में ऑपरेशन सिंदूर पर विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

# असली लड़ाई जाति की नहीं धर्म की

**हरिशंकर व्यास**

पाकिस्तानी सेना के प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने हिंदू-मुस्लिम का जो राग छेड़ा और उसके बाद जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान के आतंकवादियों ने धर्म पूछ कर हिंदुओं का जैसा नरसंहार किया उससे भारत की राजनीति बड़े पैमाने पर प्रभावित हो सकती है। भारत में पिछले कुछ समय से राजनीति बदली थी। लोकसभा चुनाव में संविधान और आरक्षण बचाने की लड़ाई कारगर साबित हुई थी। भाजपा की मंदिर और धर्म के एजेंडे के बरक्स विपक्षी पार्टियों ने अपना गठबंधन बनाया था और अपना एजेंडा आगे किया था। वह एजेंडा धर्म की राजनीति को फेल करने वाला था।

उसमें जाति आधारित जनगणना की मांग थी। आबादी के अनुपात में आरक्षण बढ़ाने का वादा था और संविधान बचाने का संकल्प था। भाजपा के कई नेताओं ने चार सीट जीतने और उसके बाद संविधान बदलने की जो बात कही थी उसका मुद्दा भी था। एक तरफ भाजपा अयोध्या में राम मंदिर के उद्घाटन की हवा पर सवार थी और उसको लग रहा था कि यह मुद्दा हिंदुओं को पहले से ज्यादा एकजुट कर देगा लेकिन उसके मुकाबले जाति का मुद्दा ज्यादा प्रभावी हो गया। भाजपा ने अपनी जीती हुई 63 सीटें गंवा दी। सहयोगियों की स्थिति भी अच्छी नहीं रही।

लोकसभा के इस नतीजे के बाद हालांकि राज्यों के चुनाव में सब कुछ बदल गया और भाजपा ने ज्यादातर राज्यों में चुनाव जीत लिए। लेकिन उन राज्यों में भी भाजपा की जीत धर्म की बजाय जातिगत गणित बैठाने से हुई। तभी भाजपा किसी ऐसे मौके की तलाश में थी, जिससे विपक्षी पार्टियों की जाति की राजनीति की काट हो सके। वह मौका मिला है मुनीर के दो राष्ट्र के सिद्धांत वाले भाषण और उसके बाद पहलगाम में हुए हिंदुओं के नरसंहार से। धर्म पूछ कर हिंदू पुरुषों को गोली मार देने और महिलाओं से कथित तौर पर यह कहने कि, 'जाओ जाकर मोदी को बता दो', देश की राजनीति में बदलाव आ सकता है।

इससे यह धारणा बन रही है कि असली लड़ाई जाति की नहीं धर्म की है और सभी हिंदुओं को एकजुट रहने की जरुरत है। दूसरी धारणा यह बन रही है कि धर्म रक्षा की यह लड़ाई मोदी लड़ रहे हैं। यह स्थिति भाजपा के बहुत अनुकूल होती दिख रही है।

पहलगाम की घटना के तुरंत बाद हिंदुवादी संगठनों की प्रतिक्रिया इसी लाइन पर थी। राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के मुखपत्र 'पांचजन्य' के सोशल मीडिया अकाउंट से एक पोस्ट की गई, जिसमें लिखा गया था, 'उन्होंने धर्म पूछा, जाति नहीं'। उसके बाद से सोशल मीडिया में यह नैरेटिव चल रहा है कि आतंकवादियों ने हिंदुओं को मारा। उन्होंने यह नहीं पूछा कि हिंदुओं में कौन किस जाति का है। इसलिए हिंदुओं को भी जाति से ऊपर उठ कर सोचना चाहिए। यह रिपोर्ट भी आई कि असम के एक प्रोफेसर को 'कलमा' पढ़ना आता था और उसने आतंकवादियों के कहने पर कलमा पढ़ दिया तो उसकी जान बच गई।

तभी भाजपा के एक सांसद ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर 'कलमा' लिख कर डाला और कहा कि इसे याद कर रहे हैं, पता नहीं कहां पढ़ना पड़ जाए। हालांकि इसके लिए कई लोगों ने उनकी आलोचना की और कहा कि उनको अपनी ही सरकार पर भरोसा नहीं है कि वह सुरक्षा सुनिश्चित कर सकती है। लेकिन यह मामला सुरक्षा का नहीं है, बल्कि राजनीतिक नैरेटिव का है। इसी नैरेटिव के तहत अब यह प्रचार किया जा रहा है कि आतंकवाद का धर्म होता है। लोग इस्लाम को आतंकवाद से जोड़ कर बोलने लगे हैं।

**( जीवन दृष्टिकोण )**

## सफलता-असफलता जीवन के दो अनिवार्य पहलू। धर्म के साथ कर्म से सफलता।

मनुष्य को धर्म के साथ ही कर्म की वेदी पर अपने श्रम की की आहुति देनी चाहिए, जिससे मानवीय जीवन अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। जीवन में लक्ष्य की प्राप्ति और सफलता के लिए मनुष्य को निरंतर कर्म,धर्म की प्रधानता रखकर संयम तथा मनोबल भी रखना होगा द्यइसके अलावा मनुष्य अपनी इच्छाओं का दास ना होकर उस पर नियंत्रण रख स्वामी बनने का प्रयास करना होगा तब सोची गई सफलता आपके सामने होगीद्य

कठिन तथा विषम परिस्थितियों में मनुष्य को अपने मनोबल को सदैव विनम्रता,संयम और साहस के साथ ऊंचा रखना चाहिए। अपने द्वारा की गई मेहनत पर विश्वास एवं निरंतरता रखनी होगी। तब जाकर ही जीवन में सफलता के पल आपके सामने आएंगे द्य निराशा, हताशा और हीन भावना को कठोर श्रम के बलबूते पर ही विजय प्राप्त की जा सकती हैद्य

जीवन में उतार-चढ़ाव, कठिन समय और विषम परिस्थितियां आती ही रहती हैंद्य संकट का समय विषम परिस्थितियां जीवन के अलग-अलग पहलू हैं ।इनसे जूझ कर जो मानव आगे बढ़ता है, वह उच्च मनोबल वाला साहसी व्यक्ति होता है। व्यक्ति के जीवन में साहस, उच्च मनोबल ही सफलता की कुंजी है। जिस भी व्यक्ति ने विषमताओं में रास्ता निकलने का साहस करके आगे बढ़ने का प्रयास किया है वही सफल हुआ है। हमेशा सफलता का मूल आत्मविश्वास, कठिन श्रम और उच्च आदर्श वाले व्यक्ति की प्रेरणा ही सफलता दिलाने वाली होती है।मनुष्य को कभी भी किसी भी परिस्थिति में मन से हार नहीं माननी चाहिए। उसे सदैव प्रयासरत रहकर परिश्रम तथा जुझारू पन से हर परिस्थिति का सामना कर सदैव अपने लक्ष्य के प्रति अग्रसर होते रहना चाहिए। मनुष्य को अपनी हर हार, हर पराजय से कुछ ना कुछ सीख लेनी चाहिए एवं इससे अनुभव प्राप्त कर फिर से खड़ा होने एवं उस पराजित मनोदशा से छुटकारा पाकर फिर से लड़ने की ऊर्जा एवं शक्ति प्राप्त करनी चाहिए, यह सफलता का बड़ा मंत्र है।




मेष राशि: आज का दिन आपके लिए नयी उमंग से भरा रहने वाला है। आज आपको कार्यस्थल पर किसी व्यक्ति का सहयोग मिलेगा इससे आपको काम करने में आसानी होगी। आपको किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मिलेगी। आज किसी मित्र से मुलाकात, आपको खुशी देगी। आज आप शाम किसी बर्थडे पार्टी में जा सकते हैं जहां आपकी मुलाकात किसी रिश्तेदार होगी। इस राशि के छात्र अपनी पढ़ाई को बेहतर बनाने के लिए अपनी डेली रूटीन में कुछ नए बदलाव करेंगे।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज कुछ महत्वपूर्ण मामलों में फैसला ले सकते हैं। धर्म और सामाजिक कामों में आपकी रुचि हो सकती है। नकारात्मक गतिविधि वाले लोगों से दूर रहें। करीबी दोस्त या रिश्तेदार आपकी समस्या का समाधान निकालेगा। आज बड़ा और अलग काम करने की सोच सकते है। भाई के साथ कुछ मामलों को लेकर विचार विमर्श करेंगे।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। अपने कामों में व्यस्त रहें और बेवजह की गतिविधियों में रुचि ना ले। आज किसी भी प्रकार का अनुचित काम आपके लिए परेशानी का कारण बन सकता है। पारिवार के वरिष्ठ सदस्यों का अनुभव और सहयोग आपको बहुत अधिक लाभदायक रहेगा। संतान से खास खुशखबरी मिलेगी, घर में सभी लोग खुश होंगे। आज विरोधी आपके सामने नतमस्तक होगा। आस पास के लोग आपके लिए मददगार साबित होंगे।

कर्क राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आप किसी काम करने के नए तरीके पर विचार करेंगे, इससे आपका काम आसान हो जाएगा। आज आप अपने मित्रों के साथ कहीं घूमने की प्लानिंग बनाएंगे। आज आपकी रूचि अध्यात्म में रहेगी। कारोबार और परिवार में बैलेंस बना रहेगा।

सिंह राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। आज आप किसी विपरीत परिस्थिति में अपने धैर्य को बनाएंगे रखेंगे आपकी स्थितियां जल्द ही सुधरती नजर आएंगी। आज दूसरों के मामले में दखलंदाजी से बचना आपके लिए अच्छा रहेगा।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। व्यवसाय में अपना पूरा ध्यान मार्केटिंग और काम के प्रमोशन में लगाएं। बेहतर रणनीति बनाकर काम करने से सफलता की संभावनाएं बढ़ेंगी। विस्तार संबंधी योजनाओं को गंभीरता से लें। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जाएगा, कंफ्यूजन की स्थिति खत्म होगी।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज ऑफिस के किसी काम के कारण आपकी अचानक यात्रा हो सकती है। आज आपकी किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी, जिससे आपको कुछ नया सीखने को मिलेगा। आपको अपने काम में सहयोगियों का सहयोग मिलेगा जिससे काम समय से पूरा हो जाएगा, आप काम के नए टारगेट बनाएंगे। दांपत्य जीवन में खुशहाली बनी रहेगी, शाम को कहीं बाहर जाने का प्लान बना सकते हैं।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आप कुछ समय मनोरंजन संबंधी गतिविधियों में बिताएंगे। आज आपके द्वारा कुछ सराहनीय काम किये जा सकते हैं। आपके मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी। संतान पक्ष से आपको सुख प्राप्त होगा। पिता का आशीर्वाद आप पर बना रहेगा। अपनी ऊर्जा से आप बहुत कुछ हासिल करेंगे बस अपनी काबिलीयत पर भरोसा करें।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। कुछ समय से चल रहे पारिवारिक वाद-विवाद निपटने से घर में सुकून और शांति पूर्ण माहौल रहेगा। इस समय कई नई तरह की गतिविधियों में भी व्यस्तता रहेगी और उचित परिणाम मिलेंगे। पहले किया हुआ काम आज पूरा हो जाएगा, जिसका सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा।

मकर राशि: आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज अपनी भावनाओं के साथ दूसरों के भावनाओं का ख्याल रखेंगे। आज परिवार के साथ घर पर मूवी देखने की प्लानिंग करेंगे। सेहत के लिहाज से आप खुद को तंदुरुस्त महसूस करेंगे। मार्केटिंग से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। किसी मामले को शांति से सुलझाने की कोशिश करें। शाम को दोस्तों के साथ अधिक समय बितायेंगे उनके साथ भविष्य को लेकर विचार करेंगे।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आज कुछ समय अपने पारिवारिक और व्यक्तिगत जीवन के लिए निकालना रिश्तों में मधुरता लाएगा। प्रोफेशनल कार्य प्रणाली में कुछ बदलाव हो सकता है। मेडिकल स्टोर वालों को आज उम्मीद से ज्यादा धन लाभ होगा।

मीन राशि: आज का दिन फेवरेबल रहने वाला है। आज आप कुछ महत्वपूर्ण फैसले ले सकते हैं जो आपकी आर्थिक स्थिति और घर की व्यवस्था ठीक रखने में सहायक हो सकते हैं। धर्म और सामाजिक कामों में आपकी रुचि हो सकती है। व्यापार को बढ़ाने के कुछ नए तरीके आपके दिमाग में आएंगे।

# सिंधु जल समझौता रद्द करने पर भारत ने अमल करना शुरू किया

## बगलिहार और किशनगंगा बांध के गेट पूरी तरह बंद

**अजय दीक्षित**

भारत ने चिनाव नदी पर बने बगलिहार बांध के गेट पूरी तरह गिरा दिए हैं और एक दो दिन मे जम्मू कश्मीर के बांदीपोरा जिले में स्थित किशनगंगा जल परियोजना बांध के गेट भी बंद कर देगा इस आशय की खबर जम्मू कश्मीर के सिंचाई विभाग के प्रमुख अभियंता ने जारी की है । न्यूयॉर्क टाइम्स, गार्जियन, पाकिस्तान के डॉन अखबार में प्रकाशित हुई एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने सिंधु जल समझौता रद्द करने पर अमल शुरू कर दिया है। बगलिहार, किशनगंगा जल परियोजना बांध हाइड्रल पावर स्टेशन है जहां क्रमशः ९०० वाट, और 332 मेगावाट विद्युत उत्पादन होता है। सिंधु जल समझौता के अनुसार 1960 में पूर्वी नदियों रावी व्यास सतलुज नदियों पर भारत और पश्चिमी झेलम चिनाव इंडस नदियों पर पाकिस्तान का अधिकार दिया गया था।

भारत ने 1991 में पहल कर झेलम और चिनाव नदियों पर हाइड्रल पावर स्टेशन स्थापित कर लिया।इन पावर स्टेशन से बाहर निकल कर जल पाकिस्तान के सिंधु प्रांत में चला जाता है। जहां पर इस जल से 17.5 लाख हैक्टेयर भूमि में सिंचाई होती है।यही हालात किशनगंगा जल परियोजना बांध से बाहर निकल कर जल पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में चला जाता है और 30 लाख हैक्टेयर भूमि पर सिंचाई होती है। जम्मू कश्मीर जल संसाधन विभाग के प्रमुख अभियंता ने कहा है कि दोनों बगलिहार किशनगंगा बांध से गाद यानी सिल्ट निकलने का कार्य चल रहा है इस लिए बांधो के गेट दो महीनों के लिए बंद कर दिए हैं।उसके बाद डैम सेफ्टी पैनल का केंदीय सरकार टीम दौरा कर लेगी तब तक गेट बंद रहेंगे।

1948 से अब तक हुए तीन युद्ध से भी भीषण



भारत पाकिस्तान के बीच तकरार का नया दौर आरंभ हो गया है।

भारत सरकार ने इस बार 1971 से भी अधिक कड़े कदम उठाने का फैसला किया है। दूसरी ओर पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहवाज शरीफ ने कहा है कि अगर भारत ने पानी रोका तो युद्ध माना जाएगा। और भारत ने पानी रोक दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने सेना को कहा है कि वह अपने स्तर पर युद्ध का फैसला ले यानी सरकार की ओर से फ्री हैंड दे दिया गया है।

22 अप्रैल से अब तक 15 दिन गुजरे हैं और भारत सरकार और भारतीय सेना ने हर मोर्चे पर तैयारी की है ऐसा प्रतीत होता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसी भी स्तर की लम्बी लड़ाई की तैयारी कर रहे हैं।जल,वायु,थल, सेना और अर्द्ध सैनिक बलों को भी हरी झंडी दे दी गई है। बीएसएफ, सीआरपीएफ, ष्टद्धस्स्न, आईटीबीपी, राज्य पुलिस बल , आइपीएस अधिकारियों, आईएएस अधिकारियों, मुख्यमंत्रियो, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इस बार भारत सरकार कोई कसर नहीं छोड़ने वाली है।

दरअसल बगलिहार बांध हाइड्रल पावर स्टेशन है , जम्मू संभाग में डोडा जिले में स्थित है।2008 में बन कर तैयार हुआ यह बांध 685०० घन मीटर जल भराव क्षमता है। लेकिन बताया जाता है कि हाल के वर्षों में भराव क्षमता में दस गुना वृद्धि की गई है।332 मीटर लंबे 143 मीटर ऊंचे इस बांध पर पिछले दो साल से कार्य जारी था। किशनगंगा जल परियोजना बांध हाइड्रल पावर स्टेशन कश्मीर सेक्टर के बांदीपोरा जिले में स्थित है।भारत में पहलगाम बेसरन घाटी के पांच किलोमीटर दायरे में रह रहे लोगों को पहलगाम थाने में बुलाकर ह्द्ध की टीम पूछताछ कर रही है। दूसरी ओर चंद्रपुर ऑर्डिनेंस फैक्ट्री, जबलपुर ऑर्डिनेंस फैक्ट्री के वर्कर्स की छुट्टियों रद्द कर दी गई है। पंजाब के फिरोज़पुर में ब्लैक आउट किया गया है जो युद्ध की आहट देता है। अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी अमेरिका का बयान आया है कि भारत को अपनी सुरक्षा करने का पूरा अधिकार है ।ईरान के विदेश मंत्री ने आज पाकिस्तान का दौरा किया है। अभी तक चाइना, रूस, इटली फ्रांस जर्मनी ने भारत पाकिस्तान तनाव पर कोई राय नहीं दी है। ब्रिटेन जापान स्पेन भी चुप हैं।



# ऑपरेशन सिंदूरः सेना और सरकार ने किए कई खुलासे



नई दिल्ली(ए)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले का बदला भारत ने ले लिया है। सौ से अधिक आतंकियों को ऑपरेशन सिंदूर के तहत ढेर कर दिया गया है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी और दो सैन्य महिला अधिकारियों ने इस अटैक की पूरी डिटेल देते हुए कहा कि भारत ने पहलगाम आतंकी हमले का बदला ले लिया है। विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि पहलगाम आतंकी हमला 2008 में मुंबई अटैक के बाद सबसे बड़ा था, जिसमें इतनी बड़ी संख्या में आम नागरिक मारे गए। उन्होंने कहा कि यह हमला लश्कर-ए-तैयबा ने कराया था, जो पाकिस्तान से संचालित है। उन्होंने कहा कि इस हमले की जिम्मेदारी द रेजिस्टेंस फोर्स ने ली थी, जो लश्कर-ए-तैयबा का ही एक संगठन है। विदेश सचिव ने कहा कि यह संगठन मुखौटा ग्रुप है, जो लश्कर और जैश-ए-मोहम्मद जैसे समूहों की आतंकी हरकतों को ही अंजाम देता है।

ऐसी स्थिति में भारत ने सीमा पार आतंकी हमलों को रोकने, उन्हें जवाब देने के लिए ऐक्शन लिया है। हमने नपी-तुली कार्रवाई की है। आतंकी ठिकानों को ही हमने टारगेट किया है। उन्होंने कहा कि हमने पहले भी पाकिस्तान को बताया था कि उसकी जमीन से लश्कर और जैश के आतंकी ठिकाने चल रहे हैं। इसके बाद भी पाकिस्तान ने उन पर कोई ऐक्शन नहीं लिया। ऐसी स्थिति में यह हमारा अधिकार था कि अपने खिलाफ होने वाली आतंकी साजिशों को खत्म किया जाए।भारत सरकार ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के बयान से इस संगठन का जिक्र हटवाने के लिए पाकिस्तान ने पूरा जोर लगा दिया। इससे साबित होता है कि पाकिस्तान का लिंक इस संगठन से था और उसकी ही शह पर यह हमला हुआ। विक्रम मिसरी ने कहा कि पाकिस्तान दुनिया भर में आतंकवाद की शरण स्थली के तौर पर पहचान बना चुका है। विक्रम मिसरी ने कहा कि भारत सरकार ने 23 अप्रैल को ही सिंधु जल समझौते को रोकने जैसे कई सख्त कदम उठाए थे। इसके बाद भी पाकिस्तान ने आतंकियों के खिलाफ कोई ऐक्शन नहीं लिया और वह उलटे भारत पर ही आरोप लगाता रहा।

## हम चाहते थे आतंकवादियों का सफाया हो, सशस्त्र बलों ने कर दिखाया : अजय राय

वाराणसी (आरएनएस) । 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत भारतीय सेना ने पाकिस्तान और पीओके के 9 आतंकी ठिकानों को एयर स्ट्राइक कर ध्वस्त कर दिया है। पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना की इस जवाबी कार्रवाई से पूरे देश में खुशी की लहर है और भारत में राजनीतिक दलों की ओर से भी प्रतिक्रिया आ रही हैं। यूपी कांग्रेस के चीफ अजय राय ने भारतीय सेना के शौर्य को सलाम किया है।

यूपी कांग्रेस चीफ अजय राय ने कहा कि निश्चित रूप से हम चाहते थे कि देश की रक्षा के लिए लाया गया राफेल सक्रिय कार्रवाई करे, आतंकवादियों का सफाया करे और आतंकवाद को पनाह देने वाले देशों से निपटे। वह कार्रवाई हुई है, जो पूरे देश की इच्छा थी। जब हम पीड़ित परिवारों से मिले, तो उन्होंने अपने बेटों, पतियों और मारे गए निर्दोष नागरिकों के लिए तत्काल प्रतिशोध की इच्छा व्यक्त की। हम लगातार यह मांग उठाते रहे हैं।

उन्होंने आगे कहा, इसी कारण से, मैंने यह मुद्दा उठाया और मैं अपने सशस्त्र बलों की वीरता की सराहना करना चाहता हूं। उन्होंने कहा कि भारतीय सेना के शौर्य पर गर्व है और हम चाहते हैं कि भारतीय सेना आगे भी आतंकवादी ठिकानों पर कार्रवाई करे और आतंकवाद को जड़ से खत्म करे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी देने के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले। भारत ने पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया।

## लुधियाना पुलिस कमिश्नर ने ई-सिगरेट और हुक्का बेचने वालों पर की कारवाई, 6 एफआईआर दर्ज

लुधियाना , (आरएनएस)। लुधियाना में पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा ने ई-सिगरेट और हुक्का बेचने वालों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। मंगलवार को उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ मिलकर शहर के विभिन्न इलाकों में गुप्त रेड की। लुधियाना पुलिस कमिश्नर की टीम में 2 एडीसीपी, 6 एसीपी और 8 एसएचओ शामिल थे। टीम ने मल्हार रोड, इश्मीत सिंह चौक और माडल टाउन समेत कई इलाकों में छापेमारी की, जहां से ई-सिगरेट और हुक्का बेचने की शिकायतें लगातार मिल रही थीं। स्कूल जाने वाले बच्चों, उनके माता-पिता और आम जनता की भलाई की रक्षा के लिए इस पहल को सटीकता के साथ क्रियान्वित किया गया। उनकी ओर से यह अभियान, सरकारी कॉलेज लुधियाना के पास मल्हार रोड, सरकारी स्कूल के पास इश्मीत सिंह चौक, जी.टी.बी. कॉलेज और अस्पताल के पास मॉडल टाउन मार्केट, शैक्षणिक संस्थान/स्कूलों जैसे हाई-ट्रैफिक क्षेत्रों पर केंद्रित था, जिससे पुलिस की मजबूत उपस्थिति सुनिश्चित हुई।




केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में पाकिस्तान और नेपाल से सटे सीमावर्ती राज्यों के उपराज्यपालों और मुख्यमंत्रियों के साथ सुरक्षा स्थिति पर समीक्षा बैठक की।

## शुभम की पत्नी बोलीं- पति की मौत का बदला लेने के लिए पीएम मोदी का शुक्रिया

कानपुर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में जान गंवाने वाले शुभम द्विवेदी की पत्नी ऐशान्या ने भारत की सेना के एक्शन पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि मैं अपने पति की मौत का बदला लेने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देना चाहती हूं। उन्होंने कहा कि मैं बहुत छोटी हूं। मैं ज्यादा क्या कह सकती हूं। हमारे पूरे परिवार को पीएम मोदी पर भरोसा था। उन्होंने आज उसी तरह से जवाब देकर विश्वास को कायम रखा है। शुभम को असली श्रद्धांजलि है। वह जहां भी होंगे आज थोड़ी शांति में होंगे। मेरे पति की मौत का बदला लेने के लिए पीएम मोदी को बहुत-बहुत धन्यवाद। शुभम की पत्नी ने भारतीय सेना का भी धन्यवाद अदा किया। उन्होंने कहा ऑपरेशन सिंदूर का नाम सुनकर मैं बहुत ज्यादा भावुक थी। शुभम को शांति मिली होगी। शायद अब ऐसा कृत्य किसी के साथ न हो। यह वह बदला है जिसकी हम मांग रहे थे। हम लोगों ने आतंकवाद की एक-एक जगह को टारगेट किया है और उनकी जगह को नष्ट किया है। यह आतंकवाद पर बड़ा हमला है। सरकार ने जो कहा वह करके दिखाया है।

## ऑपरेशन सिंदूर' के बीच मनोज मुंतशिर ने पाकिस्तान से कहा- 'औकात में रहो'




मुंबई (आरएनएस)। पाकिस्तान पर भारतीय सेना की जवाबी कार्रवाई 'ऑपरेशन सिंदूर' को सलाम करते हुए गीतकार-लेखक मनोज मुंतशिर ने पाकिस्तान को खूब खरी-खोटी सुनाई। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक क्लिप शेयर करते हुए कहा कि कुल चार युद्ध हुए और पाक हमसे कभी जीत नहीं सका, तो मैं कह सकता हूं कि उन्हें औकात में रहना चाहिए। इंस्टाग्राम हैंडल पर वीडियो क्लिप शेयर करते हुए मनोज मुंतशिर ने लिखा, औकात में रहो।वहीं, वीडियो में वह कहते नजर आए, मैं एक बात सोचता हूं कि पाकिस्तान ने पूरे इतिहास में हमसे कुल चार युद्ध लड़े और चारों हमसे हार गए। तो वो जो मेडल लटकाए चलते हैं, वो क्या कैंडी क्रश गेम खेलकर जीते हैं? आटा मांगने के लिए लाइन लगाते हैं, लेकिन चाहिए उन्हें कश्मीर।पड़ोसी मुल्क पर तंज कसते हुए मुंतशिर ने उन्हें सलाह भी दे दी। उन्होंने आगे कहा, मैं उन्हें एक मशवरा दे देता हूं कि इस दुनिया में रहने के लिए एक से बढ़कर एक जगह हैं, लेकिन अच्छा ये है कि औकात में रहो। इससे पहले मनोज मुंतशिर ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की तस्वीर शेयर करते हुए भारतीय सेना के शौर्य को सलाम किया। उन्होंने तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, जय हिंद, जय हिंद की सेना।देश के मुद्दों को लेकर मुखर रहने वाले मनोज मुंतशिर ने 25 अप्रैल को एक पोस्ट शेयर कर पहलगाम हमले को लेकर देशवासियों से मार्मिक अपील की थी।सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो जारी करके उन्होंने लोगों से इस घटना को न भूलने की अपील की थी।

## शहीद विनय नरवाल के घर पहुंचे राहुल गांधी, बोले ,देश आपके साथ खड़ा है

करनाल(आरएनएस)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी आज जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए लेफ्टिनेंट विनय नरवाल को श्रद्धांजलि देने और उनके परिवार को सांत्वना देने करनाल पहुंचे। इस दौरान उनके साथ सांसद दीपेंद्र हुड्डा और हरियाणा युवा कांग्रेस के अध्यक्ष दिव्यांशु बुद्धिराजा भी थे।

सुरक्षा के कड़े इंतजाम

राहुल गांधी के दौरे को देखते हुए सेक्टर-7 स्थित शहीद के घर पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सुरक्षा जांच के बाद ही किसी आम नागरिक को अंदर जाने दिया जा रहा था। हालांकि माहौल पूरी तरह गमगीन था, लेकिन हर चेहरे पर गर्व और सम्मान साफ झलक रहा था।

शहीद की पत्नी से मिले राहुल गाँधी

राहुल गांधी ने शहीद विनय नरवाल की पत्नी हिमांशी नरवाल को सांत्वना दी। राहुल ने परिवार से वादा किया कि पूरा देश आपके दुख में शामिल है। इस बलिदान को भुलाया नहीं जाएगा। उन्होंने शहीद के परिवार को हरसंभव मदद का वादा भी किया।

## आतंकी हमले में जान गंवाने वाले शुभम के घर पहुचे सतीश महाना, बोले जो पीएम ने कहा उसे पूरा करके दिखाया

कानपुर (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के गुनहगारों को भारतीय सेना ने सबक सिखाया है। इस हमले में जान गंवाने वाले कानपुर के शुभम द्विवेदी के घर यूपी विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि हमने एक बच्चा खोया है। उसे लेकर उसके पूरे परिवार को बहुत दुख है। आतंकियों ने 26 निर्दोष लोगों की हत्या की थी। छुपकर कोई किसी पर वार कर सकता है। लेकिन सीना ठोककर उनके आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने का काम हमारे जांबाज सैनिकों ने किया है। उन्होंने कहा कि जो हमारे प्रधानमंत्री ने कहा, वो करके दिखाया है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना बुधवार को आतंकी हमले के शिकार हुए शुभम द्विवेदी के घर पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हमारा केंद्रीय नेतृत्व, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, और रक्षामंत्री ने सारी रात जागकर इस ऑपरेशन की निगरानी की है। जिस समय देश में ऐसी कोई विपत्ति आई हो, देश का अच्छा नेतृत्वकर्ता कैसे सो सकता है। इस कारण वह पूरी रात जगे हैं। इसको देख रहे थे। हम सैनिकों का जितना आभार व्यक्त करें, वह कम है। जितनी भी उनकी शौर्य गाथा गाएं, वो कम है। पिछले दिनों 26 निर्दोष की हत्या का बदला तो है ही। उसके साथ 26/11 और पुलवामा का भी बदला है। जितने भी आतंकी जहां से ऑपरेट करते थे, हमारी सेना ने उनके ठिकानों को ध्वस्त करने का काम किया है।उन्होंने आगे कहा कि इस समय मैं शुभम द्विवेदी के परिवार में हूं। उस बच्ची को आशीर्वाद देने आया हूं, जिसने अपने साहस से अपने परिवार को संभाला था। उनकी जितनी भी प्रशंसा करें, वह कम है। यह उनकी इच्छाशक्ति थी। जो उन्होंने आतंकियों के खिलाफ बदले की बात कही, वह आज पूरी हुई है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर कहा कि यह बच्ची हमारे घर की है। इसने पहले अपने साथ हुए आतंक की सूचना दी थी। जिस समय इसका सिंदूर समाप्त हो गया था, उस समय यह बच्ची लाश के पास बैठकर प्रलाप कर रही थी। उसकी पीड़ा देश के प्रत्येक नागरिक तक पहुंची है। हमारे पीएम मोदी ने तब जो भी संकल्प लिया, उसे पूरा करने का काम किया है।

## ऑपरेशन सिंदूर पर भी शक', शहजाद पूनावाला ने कहा- कांग्रेस ने किया सेना के मनोबल पर चोट करने का सबसे कुत्सित प्रयास

नई दिल्ली(आरएनएस)। भारतीय सेना ने पहलगाम आतंकी हमले के 15 दिन बाद पाकिस्तान और पीओके में आतंकियों के 9 ठिकानों को टारगेट करते हुए आतंकी समूहों पर एयरस्ट्राइक की है। इस पर कांग्रेस नेता जिग्नेश मेवानी के ट्वीट पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की जा रही है। भाजपा ने इस पर निशाना साधते हुए कांग्रेस पार्टी की विचारधारा पर सवाल उठाए हैं।गुजरात के वडगाम विधानसभा क्षेत्र के विधायक और राष्ट्रीय दलित अधिकार मंच के संयोजक जिग्नेश मेवाणी ने भारतीय सेना की एयरस्ट्राइक पर अपने 'एक्स' हैंडल से एक पोस्ट किया था। इस पोस्ट में लिखा था, युद्धोन्मादियों, धार्मिक घृणा और फर्जी राष्ट्रवाद से लड़ो। आतंक भूख से मर जाएगा। पोस्ट में उन्होंने कैप्शन में यह भी पूछा था- क्या यह ठीक बात नहीं है?इस पोस्ट पर तीखी प्रतिक्रियाएं आने के बाद मेवाणी ने अपना पोस्ट डिलीट कर दिया। हालांकि भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस की विचारधारा पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने अपने एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में लिखा, कांग्रेस ने फिर से सबूत मांगे! पूरी दुनिया और खास तौर पर पाकिस्तान ने देखा है कि ऑपरेशन सिंदूर की बदौलत कैसे आतंक को मिट्टी में मिला दिया।

## हरियाणा सरकार यातायात की भीड़ को कम करने और क्षेत्रीय कनेक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध : सीएम सैनी



चंडीगढ़(आरएनएस)। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एनसीआर क्षेत्र में आठ नमो भारत कॉरिडोर परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की, जिसके तहत तीन कॉरिडोर वर्तमान में चरण-ढ्ढ में कार्यान्वयन के अधीन हैं। इनमें दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ (82 किमी), दिल्ली-गुरुग्राम-एसएनबी (105 किमी) और दिल्ली-पानीपत-करनाल (136 किमी) मार्ग शामिल हैं। बैठक में हरियाणा के पर्यावरण एवं वन मंत्री राव नरबीर सिंह भी शामिल हुए।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने यातायात की भीड़ को कम करने, क्षेत्रीय संपर्क को बढ़ावा देने और हरियाणा के शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में आर्थिक विकास को बढ़ाने में नमो भारत कॉरिडोर (आरआरटीएस) की परिवर्तनकारी क्षमता पर जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को दिल्ली-एसएनबी और दिल्ली-करनाल परियोजनाओं के लिए मंजूरी में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि उनका समय पर पूरा होना सुनिश्चित हो सके। बैठक के दौरान, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम (एनसीआरटीसी) के एमडी श्री शलभ गोयल ने दो नमो भारत कॉरिडोर की विभिन्न विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए विस्तृत परियोजना रिपोर्टों पर एक विस्तृत प्रस्तुति दी। बैठक में बताया गया कि दिल्ली-गाजियाबाद-मेरठ आरआरटीएस कॉरिडोर ने 55 किलोमीटर सेक्शन पर सफल संचालन रहा है और लोगों की अत्यधिक सकारात्मक प्रतिक्रिया आई है। मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि नमो भारत कॉरिडोर का डिजाइन भविष्य के लिए तैयार होना चाहिए और सिस्टम की उपयोगिता बढ़ाने के लिए मेट्रो सिस्टम के साथ कुशल एकीकरण सुनिश्चित किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने दिल्ली-गुरुग्राम-एसएनबी और दिल्ली-पानीपत-करनाल कॉरिडोर से संबंधित अलाइनमेंट , स्टेशनों और भूमि आवश्यकताओं की समीक्षा की। उन्होंने विभागों को परियोजनाओं की शीघ्र शुरुआत सुनिश्चित करने के लिए एनसीआरटीसी को आवश्यक सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने प्रस्तावित गुरुग्राम-फरीदाबाद-नोएडा नमो भारत कॉरिडोर के अलाइनमेंट की भी समीक्षा की और अधिकारियों को विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के लिए एनसीआरटीसी को आवश्यक अनुमोदन और सहायता प्रदान करने का निर्देश दिया।

## आपरेशन सिंदूर : पाकिस्तान पर एयर स्ट्राइक के बाद करतारपुर कोरिडोर बंद, 491 श्रद्धालु बिना दर्शन लौटे

गुरदासपुर (आरएनएस)। भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनातनी के बीच मंगलवार रात आपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया। इसके मद्देनजर देश भर के कई हवाई अड्डों पर उड़ानें रद्द कर दी गईं और सीमावर्ती जिलों के स्कूलों में अवकाश घोषित किया गया।

इसी सुरक्षा उपाय के तहत श्री करतारपुर साहिब कॉरिडोर भी बंद कर दिया गया। बुधवार सुबह साढ़े आठ बजे दर्शन हेतु पहुंचे 491 श्रद्धालु तीन घंटे तक प्रतीक्षा के बाद निराश लौट गए। अधिकारियों ने सुरक्षा परिस्थितियों का हवाला देते हुए कॉरिडोर अगले आदेश तक बंद रहने की घोषणा की है।

दर्शनों के लिए सुबह 8:30 बजे से शुरू होने वाली प्रक्रिया रद्द होने से श्रद्धालुओं को गुरुद्वारे के दर्शन नसीब नहीं हो सके। इससे पहले भी तनाव के दौर में सुरक्षा कड़ी करने के निर्देश जारी किए जा चुके हैं।

## संत समाज ने पाकिस्तान पर किए गए एयर स्ट्राइक को बताया भारतीय सेना की ताकत और साहस का प्रतीक

वाराणसी, (आरएनएस)। पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की मौत के बाद भारत ने निर्णायक कार्रवाई करते हुए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया। इस ऑपरेशन में भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पीओके में 9 बड़े आतंकी ठिकानों को निशाना बनाकर हवाई हमले किए। यह कार्रवाई आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। अखिल भारतीय संत समिति के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी जितेंद्रानंद सरस्वती ने ऑपरेशन सिंदूर की प्रशंसा करते हुए कहा, पहलगाम आतंकी हमले का जिस तरह भारतीय सशस्त्र बलों ने रात के समय पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों पर हमला करके जवाब दिया, वह अत्यंत प्रशंसनीय है। यह ऑपरेशन भारतीय सेना की ताकत और साहस का प्रतीक है। अखिल भारतीय संत समिति प्रधानमंत्री और सेना के साथ मजबूती से खड़ी है। यह कार्रवाई आतंकवाद के खिलाफ एक मजबूत कदम है।

तपस्वी छावनी पीठाधीश्वर जगदगुरु परमहंस आचार्य ने कहा कि भारत ने पहलगाम हमले का पलटवार किया है। भारत कभी वार नहीं करता, लेकिन वह आतंकी घटना पर चुप नहीं बैठता। भारत ने एक ही झटके में पाकिस्तान के नौ आतंकवादियों के ठिकानों को धूल में मिला दिया है। इसे लेकर पूरे देश में खुशी का माहौल है। जिस दिन पीओके भारत की सीमा में सम्मिलित हो जाएगा, उस दिन पूरे देश में फिर दीवाली मनाई जाएगी, चारों तरफ पटाखे फोड़े जाएंगे, मिठाइयां बांटी जाएंगी और उस दिन का हम लोग इंतजार कर रहे हैं।

इसी तरह, अयोध्या के श्री हनुमान गढ़ी मंदिर के पुजारी महंत राजू दास ने ऑपरेशन को भारतीय सैनिकों की बहादुरी का प्रमाण बताया। उन्होंने कहा, यह गर्व की बात है कि हमारे सैनिकों ने पहलगाम में निर्दोष नागरिकों पर हुए कायराना हमले का करारा जवाब दिया। नौ आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले हमारी सेना की शक्ति और संकल्प को दर्शाते हैं। यह ऑपरेशन उन गद्दारों के लिए कड़ा संदेश है जो आतंकवादियों का समर्थन करते हैं। यह राष्ट्रीय गौरव का क्षण है और भारतीय सैनिक इसके लिए बधाई के पात्र हैं।

वहीं राजस्थान हेरिटेज विकास प्राधिकरण के चेयरमैन ओंकार सिंह लखावत ने कहा, भारत हमेशा अपने नागरिकों, देश और सम्मान की रक्षा के लिए तत्पर रहा है। हमारा इतिहास इसका साक्षी है। हम आक्रमण नहीं करते, लेकिन अगर कोई हमारे नागरिकों या देश को चुनौती देता है, तो वह पूरे राष्ट्र को चुनौती दे रहा है। एक नागरिक की हत्या सरकार को चुनौती देने के समान है, जिसे कभी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

अयोध्या भूमि विवाद मामले में पूर्व मुकदमाकर्ता इकबाल अंसारी ने भी ऑपरेशन की सराहना की। उन्होंने कहा, हमारा देश और हमारी सेनाएं सक्षम हैं। ऑपरेशन सिंदूर यह दर्शाता है कि भारत जानता है कि अपने दुश्मनों को कैसे जवाब देना है। हमारी सेनाएं हमेशा सबसे आगे रही हैं और राष्ट्र हमेशा मजबूती से खड़ा रहा है। ऑपरेशन सिंदूर न केवल आतंकवाद के खिलाफ भारत की मजबूत नीति को दर्शाता है, बल्कि यह भी संदेश देता है कि भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। यह कार्रवाई भारतीय सेना की ताकत, रणनीतिक कौशल और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बन गई है।

# तमन्ना भाटिया ने रेड ड्रेस में शेयर किया फोटोशूट, फैंस बोले-चांद की तरह चमक रही हो




साउथ और बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में से एक तमन्ना भाटिया के लाखों लोग दीवाने हैं। साउथ फिल्मों में शोहरत पाने के बाद उन्होंने बॉलीवुड में भी अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरा। वह सोशल मीडिया के जरिए फैंस से जुड़ी रहती हैं। इस कड़ी में उन्होंने अपना लेटेस्ट फोटोशूट शेयर किया, जो अब इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए लेटेस्ट फोटोशूट में तमन्ना भाटिया रेड कलर की ड्रेस में नजर आ रही हैं। इस ड्रेस के साथ उन्होंने अपने बालों को खुला छोड़ा है और पैरों में हाई हील्स पहनी हैं। फैंस उनकी इस अदाओं पर कायल हो रहे हैं। उनका यह फोटोशूट वायरल हो रहा है। इस फोटोशूट को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में रेड रोजेस के इमोजी का इस्तेमाल किया। इन तस्वीरों को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा- मनमोहक, दूसरे फैन ने लिखा- चांद की तरह चमक रही हो, अन्य फैन ने लिखा- रेड ब्यूटी क्वीन।

तमन्ना ने महज 15 साल की उम्र में एक्टिंग क्षेत्र में कदम रखा और फिल्म चांद सा रोशन चेहरा में काम किया। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप रही, लेकिन उनके काम को पसंद किया गया। तमन्ना ने कुछ वीडियो एल्बम में भी काम किया। इसके साथ-साथ तेलुगू और तमिल फिल्मों में भी कदम रखा। साल 2005 में आई फिल्म श्री ने उनकी किस्मत बदल दी, यह फिल्म सुपरहिट रही। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा और कई हिट फिल्में दीं।साल 2013 में उन्होंने बॉलीवुड में एंट्री की और अजय देवगन के साथ फिल्म हिम्मतवाला में काम किया। इसके बाद वह अक्षय कुमार के साथ फिल्म एंटरटेनमेंट में नजर आईं। उन्हें साल 2015 में आई बाहुबली: द बिगिनिंग और साल 2017 में रिलीज हुई बाहुबली: द कन्क्लूजन से खास पहचान मिली। उन्होंने अवंतिका नाम की एक योद्धा का किरदार निभाया। तमन्ना अपनी फिटनेस को लेकर भी जानी जाती हैं। वह हर रोज कम से कम एक घंटे तक वर्कआउट करती हैं। उनके वर्कआउट सेशन में कार्डियो एक्सरसाइज, वेट ट्रेनिंग, एब क्रंच और फ्री हैंड एक्सरसाइज शामिल हैं।

# बॉक्स ऑफिस पर अक्षय कुमार की केसरी 2 की कमाई में भारी गिरावट, लाखों में सिमटा कारोबार

अक्षय कुमार की फिल्म केसरी: चैप्टर 2 को बीते 18 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। जलियांवाला बाग हत्याकांड के दर्द को बयां करती इस फिल्म ने शुरुआती 2 हफ्तों में बॉक्स ऑफिस पर



अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन रेड 2 की रिलीज के कारण इसकी कमाई पर असर पड़ा है।


अब केसरी 2 की कमाई के 18वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जो बेहद निराशाजनक हैं। फिल्म का कारोबार लाखों में सिमट चुका है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, केसरी 2 ने रिलीज के 18वें दिन यानी तीसरे सोमवार को 85 लाख रुपये कमाए। इसी के साथ भारत में इस फिल्म की कुल कमाई 81.35 करोड़ रुपये हो गई है।केसरी 2 1919 के जलियांवाला बाग हत्याकांड के इर्द-गिर्द की भयावह घटनाओं को दिखाती है। इस फिल्म में आर माधवन और अनन्या पांडे ने भी अपनी अदाकारी का तड़का लगाया है।

# मैंने कभी भी फ़ैड डाइट या चरमपंथ में विश्वास नहीं किया: कृष्णा श्रॉफ

कृष्णा श्रॉफ ने कहा फिटनेस का मतलब संतुलन है, ना कि अतिशयता! जब तक आप एक सीमित दायरे में हैं... आप स्वस्थ रहेंगे। एक ऐसी दुनिया में जहाँ लोग क्विक फिक्स परिणामों और ड्रामेटिक बदलावों के पीछे भागते हैं, कृष्णा श्रॉफ स्वास्थ्य और फिटनेस के प्रति एक संतुलित और टिकाऊ नजरिया अपनाने की वकालत करती हैं। उनका मानना है कि फिटनेस का मतलब अवास्तविक लक्ष्यों के पीछे भागना नहीं है, बल्कि मानसिक और शारीरिक संतुलन पाना है। कृष्णा कहती हैं, मैंने कभी फैड डाइट्स या किसी भी तरह की अतिशयता में विश्वास नहीं किया। जब तक आप अपने पोषण, ट्रेनिंग और जीवनशैली में एक निश्चित सीमा के भीतर रहते हैं, तब तक आप एक स्वस्थ ज़ोन में रहते हैं। इस दृष्टिकोण ने न केवल उनकी अपनी सेहत की यात्रा को आकार दिया है, बल्कि उनके फ़िटनेस ब्रांड के माध्यम से उनके द्वारा बढ़ावा दिए जाने वाले माहौल को भी आकार दिया है।

कृष्णा ऐसी जीवनशैली की बात करती हैं जिसमें गहनता से ज़्यादा निरंतरता को प्राथमिकता दी जाती है, और शारीरिक लक्ष्यों के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य को भी प्राथमिकता दी जाती है। उनका संदेश यह स्पष्ट करता है कि स्वास्थ्य का मतलब खुद को भूखा रखना या थका देना नहीं है, बल्कि ऐसे आदतों को अपनाना है जो वास्तविक और दीर्घकालिक हों। इस सोच को और भी असरदार बनाती है उनकी यह आंतरिक समझ कि व्यक्ति अंदर से जैसा महसूस करता है, वही असली मायने रखता है।

मैं सच में मानती हूँ कि आप जितना अच्छा महसूस करते हैं, उतने अच्छे आप कभी दिख नहीं सकते। और जितने अच्छे आप दिखते हैं, उतना



अच्छा आप हमेशा महसूस नहीं करते, वह आगे कहती हैं। फ़िल्टर्ड परफ़ेक्शन और बाहरी मान्यता से भरी इस युग में, कृष्णा का संदेश एक ऐसी वास्तविकता के साथ सामने आता है जो आपको फ़िटनेस इंडस्ट्री में शायद ही देखने को मिले!

# विजय देवरकोंडा की किंगडम का नया पोस्टर जारी, 30 मई को सिनेमाघरों में धूम मचाएगी





किंगडम' का टीजर रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। विजय देवरकोंडा को इससे पहले इस अंदाज में कभी नहीं देखा गया है। टीजर में उनकी कच्ची ऊर्जा, मजबूत आकर्षण और बेलगाम जुनून सब झलक रहा है। ऐसा लगता है जैसे कोई तूफान आ रहा है, जिसे रोकना असंभव है।

इस लुक में विजय पूरी तरह से बदल गए हैं। उनकी स्क्रीन उपस्थिति ही बताती है कि इस बार कुछ बड़ा होने वाला है।टीजर में उनका अंदाज देख फैन्स एक ही बात कह रहे हैं, ये अवतार अब तक का सबसे बेबाक और फायरब्रांड लुक है। फिल्म का क्रेज पहले से ही काफी ज्यादा था और अब टीजर ने उत्साह को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। निर्माताओं ने प्रशंसकों के लिए उल्टी गिनती भी शुरू कर दी है, क्योंकि फिल्म की रिलीज में केवल 50 दिन बचे हैं। 'किंगडम' के निर्माताओं ने आज सोशल मीडिया पर एक दमदार पोस्टर शेयर कर फिल्म की रिलीज की उल्टी गिनती शुरू कर दी है।टीजर ने जो जुनून पैदा किया वह वास्तविकता से परे था ङ्क अब कल्पना कीजिए कि फिल्म क्या करेगी। इस टीज़र ने रिकॉर्ड तोड़ दिया, मात्र 24 घंटे में 10 मिलियन व्यूज पार कर लिए गए। दर्शकों का उत्साह अपने चरम पर है, और फिल्म ने अपनी रिलीज से पहले ही इतिहास रच दिया है, यह पहली फिल्म बन गई है जिसके साउंडट्रैक के लिए पूरी तरह से एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) द्वारा डिजाइन किया गया विषयगत वीडियो रिलीज किया गया है।विजय देवरकोंडा, गौतम टी और अनिरुद्ध रविचंदर की फिल्म किंगडम 30 मई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। टीजर ने जो जुनून पैदा किया वह वास्तविकता से परे था ङ्क अब कल्पना कीजिए कि फिल्म क्या करेगी। इस टीज़र ने रिकॉर्ड तोड़ दिया, मात्र 24 घंटे में 10 मिलियन व्यूज पार कर लिए गए। दर्शकों का उत्साह अपने चरम पर है, और फिल्म ने अपनी रिलीज से पहले ही इतिहास रच दिया है, यह पहली फिल्म बन गई है जिसके साउंडट्रैक के लिए पूरी तरह से एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) द्वारा डिजाइन किया गया विषयगत वीडियो रिलीज किया गया है। विजय देवरकोंडा, गौतम टी और अनिरुद्ध रविचंदर की फिल्म किंगडम 30 मई 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# बॉक्स ऑफिस पर रेड 2 की कमाई की रफ्तार धीमी, 80 करोड़ रुपये की ओर कारोबार

अजय देवगन की फिल्म रेड 2 को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक सप्ताह पूरा होने जा रहा है और यह पहले दिन से बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन कर रही है।वीकेंड पर फिल्म ने जमकर नोट छापे।



हालांकि, पहले सोमवार को इसकी कमाई की रफ्तार धीमी हो गई है। इसके बावजूद भारत में फिल्म का कारोबार तेजी से 80 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रहा है।आइए जानें रेड 2 ने पांचवें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।सैकनिल्क के मुताबिक, रेड 2 ने अपनी रिलीज के पांचवें दिन यानी पहले सोमवार को 7.75 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इस फिल्म का कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 79 करोड़ रुपये हो गया है।बता दें कि रेड 2 ने 19.25 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरुआत की, वहीं दूसरे दिन यह फिल्म 12 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही।तीसरे दिन इस फिल्म ने 18 करोड़ रुपये और चौथे दिन 22 करोड़ रुपये कमाए।रेड 2 में अजय की जोड़ी वाणी कपूर के साथ बनी है, वहीं रितेश देशमुख ने भी फिल्म में अहम भूमिका निभाई है। फिल्म के निर्देशन की कमान राज कुमार गुप्ता ने संभाली है। रजत कपूर, सौरभ शुक्ला, सुप्रिया पाठक और अमित सियाल भी फिल्म का हिस्सा हैं।

रेड 2 साल 2018 में आई रेड का सीक्वल है। इसमें 1980 के दशक में सरदार इंदर सिंह के घर पर पड़े आईटी विभाग की छापेमारी की सच्ची कहानी दिखाई गई थी।

# गर्मियों के दौरान क्यों जरूरी है सनस्क्रीन? जानिए सही सनस्क्रीन का चयन कैसे करें

गर्मियों में सूरज की किरणें हमारी त्वचा पर गहरा असर डालती हैं। यूवी किरणें त्वचा की कोशिकाओं को नुकसान पहुंचा सकती हैं, जिससे उम्र से पहले झुर्रियां, दाग-धब्बे और यहां तक कि त्वचा के गंभीर रोग भी हो सकते हैं। इसलिए हर किसी को अपनी त्वचा की देखभाल के लिए सनस्क्रीन का इस्तेमाल जरूर करना चाहिए।आइए जानते हैं कि त्वचा के प्रकार के अनुसार सनस्क्रीन का चयन कैसे करना चाहिए।

## तैलीय त्वचा के लिए कैसा होना चाहिए सनस्क्रीन का चयन?

अगर आपकी त्वचा तैलीय है तो आपको ऐसी सनस्क्रीन का चयन करना चाहिए, जो जेल आधारित हो, हल्की हो और बिना तेल वाली हो।इसके अलावा ऐसी सनस्क्रीन का चयन करें, जिसमें सूरज की हानिकारक किरणों से बचाव के लिए उपयुक्त गुण हों।इस तरह की सनस्क्रीन का इस्तेमाल करने से आपकी त्वचा पर चिपचिपाहट नहीं होगी और यह इसे सूरज की हानिकारक किरणों से बचाएगी।

## रूखी त्वचा के लिए कैसे होनी चाहिए सनस्क्रीन?

अगर आपकी त्वचा रूखे प्रकार की है तो आपको क्रीम आधारित और नमी देने वाली सनस्क्रीन का चयन करना चाहिए।यह आपकी त्वचा को नमी देने के साथ-साथ सूरज की हानिकारक किरणों से भी बचा सकती है।इसके अलावा ऐसी सनस्क्रीन का चयन करें, जो आपकी त्वचा को पूरी तरह से सुरक्षा प्रदान करें और आपकी त्वचा नमी युक्त बनी रहे।


## संवेदनशील त्वचा के लिए क्या है सही?

संवेदनशील त्वचा वालों के लिए ऐसी सनस्क्रीन का चयन करना चाहिए, जो बिना सुगंध वाली हो और प्राकृतिक तत्वों से बनी हो क्योंकि किसी भी तरह के आर्टिफिशियल तत्व त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं।संवेदनशील त्वचा वालों की सनस्क्रीन में एलोवेरा, खीरा या ग्रीन टी जैसे तत्व होने चाहिए। ये तत्व संवेदनशील त्वचा को ठंडक पहुंचाने के साथ ही सूरज की हानिकारक किरणों से बचाने में मदद कर सकते हैं।

## मिश्रित त्वचा के लिए किस तरह की सनस्क्रीन होगी बेहतर?

अगर आपकी त्वचा मिश्रित है तो आपको नमी देने वाले गुणों से भरपूर ऐसी सनस्क्रीन का चयन करना चाहिए, जो आपकी त्वचा के तैलीय हिस्से को नियंत्रित करने में मदद करेगी।

इसके अतिरिक्त सनस्क्रीन का चयन करते समय इस बात का भी ध्यान रखें कि यह आपकी त्वचा को पूरी सुरक्षा प्रदान करे।इस तरह की सनस्क्रीन का इस्तेमाल करने से आपकी त्वचा पर चिपचिपाहट नहीं होगी और यह इसे सूरज की हानिकारक किरणों से बचाएगी।



## सनस्क्रीन का इस्तेमाल कैसे करना चाहिए?

सबसे पहले अपने चेहरे को धोकर हल्के हाथों से सुखाएं, फिर चेहरे, गर्दन और हाथों पर अच्छी तरह से सनस्क्रीन लगाएं।अगर आप बाहर किसी कार्यक्रम में जा रहे हैं तो सनस्क्रीन को कुछ समय पहले ही लगाएं ताकि आपकी त्वचा इसे अच्छी तरह से सोख सके।इसके अतिरिक्त हर कुछ घंटे के बाद सनस्क्रीन को दोबारा लगाएं। इस प्रक्रिया को अपनाकर आप अपनी त्वचा की सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं।

# बद्ध कोणासन: जानिए इस योगासन को करने का तरीका और इससे जुड़ी अन्य जरूरी बातें

योग एक प्राचीन भारतीय एक्सरसाइज है, जो शरीर और मन दोनों के लिए फायदेमंद होता है। योग में कई आसन होते हैं, जिनमें से एक है बद्ध कोणासन, जिसे बाधा कोण मुद्रा भी कहा जाता है।यह आसन खासतौर पर जांघों की लचीलापन बढ़ाने और शरीर के संतुलन को सुधारने में मदद करता है।आइए इस योगासन को करने के तरीके और इससे जुड़ी सावधानियों के बारे में जानते हैं।

## बद्ध कोणासन करने का तरीका

सबसे पहले जमीन पर बैठकर पैरों को आगे की ओर फैलाएं।अब पैरों को मोड़कर अपने दोनों तलवों को आपस में मिला लें।इसके बाद दोनों हाथों से तलवों को पकड़ें। अपने दोनों घुटनों को आराम-आराम से तितली के पंखों की तरह ऊपर-नीचे करें। इस दौरान सामान्य रूप से सांस लेते रहें।कुछ सेकंड बाद धीरे-धीरे आसन छोड़ें और फिर से दोहराएं।बद्ध कोणासन के दौरान रखें इन बातों का ध्यानअगर आपको पीठ या गर्दन में कोई समस्या है तो इस आसन का अभ्यास करने से बचें।इसके अलावा अगर आपके घुटनों में दर्द है या घुटनों का ऑपरेशन हुआ है तो भी इस आसन को न करें।बद्ध कोणासन के दौरान शरीर का कोई भी हिस्सा जोर-जबरदस्ती न करें क्योंकि इससे चोट लगने की



संभावना बढ़ सकती है।

पीरियड्स के दौरान महिलाओं को यह योगासन नहीं करना चाहिए।

## बद्ध कोणासन के फायदे

बद्ध कोणासन का नियमित अभ्यास करने से जांघों और कूल्हों की मांसपेशियों में लचीलापन बढ़ता है।

यह आसन रीढ़ की हड्डी को मजबूती देने में भी मदद करता है। बद्ध कोणासन से पाचन क्रिया भी बेहतर होती है।

इसके अलावा यह योगासन मानसिक शांति और एकाग्रता बढ़ाने में भी सहायक है। इस आसन से रक्त संचार भी बेहतर होता है और यह शरीर में ऊर्जा का संचार करता है।

## बद्ध कोणासन से जुड़ी महत्वपूर्ण टिप्स

अगर आप इस योगासन में नए हैं तो किसी विशेषज्ञ की निगरानी में इसका अभ्यास करें।

शुरुआत में यह मुश्किल लग सकता है, लेकिन धीरे-धीरे अभ्यास से इसकी तकनीक समझ में आने लगेगी।बद्ध कोणासन के दौरान सांसों पर विशेष ध्यान दें और किसी भी प्रकार की जल्दबाजी न करें।इसके अलावा नियमित रूप से इसका अभ्यास करें ताकि इसके सभी स्वास्थ्य लाभ मिल सकें। नियमित अभ्यास से शरीर की लचीलापन और संतुलन में सुधार होता है।

# 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान की बौखलाहट, अपना पूरा एयर स्पेस बंद किया; क्यों उठाया ये कदम ?

इस्लामाबाद (आरएनएस) भारत द्वारा चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद पाकिस्तान सरकार और उसकी सेना में खलबली मची हुई है। इस कार्रवाई की प्रतिक्रिया में पाकिस्तान ने अब अपने पूरे हवाई क्षेत्र को सभी तरह की उड़ानों के लिए बंद करने का बड़ा कदम उठाया है।पहले पाकिस्तान ने सिर्फ भारतीय विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद किया था, लेकिन भारत की एयरस्ट्राइक के बाद पाकिस्तान के आलाकमान ने सभी देशों की उड़ानों के लिए हवाई क्षेत्र को प्रतिबंधित कर दिया है। यहां तक कि पाकिस्तान ने अपनी नागरिक उड़ानों के लिए भी हवाई क्षेत्र को पूरी तरह से बंद कर दिया है, केवल कुछ बेहद जरूरी उड़ानों को ही अनुमति दी जा रही है।इस फैसले के कारण पाकिस्तान में लगभग 135 उड़ानें रद्द कर दी गई हैं। रियल-टाइम फ्लाइट ट्रैकिंग सेवा फ्लाइट रडार 24 के आंकड़ों के अनुसार, भारतीय सेना की




एयरस्ट्राइक के बाद से पाकिस्तान में 16 प्रतिशत और भारत में 3त्र कमर्शियल उड़ानें रद्द हुई हैं।पाकिस्तान के नागरिक उड्डयन प्राधिकरण ने इस संबंध में एक आदेश जारी किया है, जिसमें कहा गया है कि अगले 48 घंटों तक पाकिस्तान का हवाई क्षेत्र 'नो-फ्लाई जोन' रहेगा। पाकिस्तान ने इस कदम को एहतियाती बताया है, लेकिन साथ ही भारत से 'बदला लेने' की कसम भी खाई है, जिससे तनाव और बढ़ गया है।इस गंभीर स्थिति पर चर्चा करने के लिए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की है। इस बैठक में यह तय करने की कोशिश की गई कि पाकिस्तान को भारत की कार्रवाई का क्या जवाब देना चाहिए। गौरतलब है कि भारत की एयरस्ट्राइक के तुरंत बाद, इस्लामाबाद और लाहौर जाने वाली कई उड़ानों को कराची हवाई अड्डे की ओर मोड़ दिया गया था, जिससे वहां हवाई परिचालन पर भारी दबाव आ गया था। इसी के बाद पूरे हवाई क्षेत्र को बंद करने का निर्णय लिया गया।

## दुनिया को भारत ने बताया हमने आतंकी ठिकानों पर की एयर स्ट्राइक, यूएन महासचिव ने जताई चिंता

संयुक्त राष्ट्र (आरएनएस) । महासचिव एंटोनियो गुटेरेस पाकिस्तान के खिलाफ भारत के सैन्य अभियान को लेकर बहुत चिंतित हैं और उनके प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक के अनुसार, दुनिया दोनों देशों के बीच टकराव बर्दाश्त नहीं कर सकती।

भारत द्वारा पाकिस्तान और कश्मीर में अपने कब्जे वाले क्षेत्र में मिसाइल हमले की घोषणा के तुरंत बाद दुजारिक ने कहा, वह दोनों देशों से अधिकतम सैन्य संयम बरतने का आह्वान करते हैं।

उन्होंने कहा, महासचिव नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा के पार भारतीय सैन्य अभियानों को लेकर बहुत चिंतित हैं। दुनिया भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव बर्दाश्त नहीं कर सकती।

भारत के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि उसने पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर के नौ स्थानों पर ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया है।

एक्स पोस्ट में कहा, बर्बर पहलगाम आतंकी हमले के सटीक और संयमित जवाब में नौ आतंकवादी बुनियादी ढांचे स्थलों पर केंद्रित हमले किए गए।इससे पहले, भारतीय सेना ने कहा था कि उसने पहलगाम आतंकी हमले के प्रतिशोध में पाकिस्तान के भीतर नौ स्थानों पर हमला किया है।

सेना ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा, थोड़ी देर पहले, भारतीय सशस्त्र बलों ने पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू और कश्मीर में आतंकवादी बुनियादी ढांचे को नष्ट करते हुए ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया, जहां से भारत के खिलाफ आतंकवादी हमलों की योजना बनाई और निर्देशित किया गया था।भारतीय सेना ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर भी पोस्ट किया, न्याय हुआ। जय हिंद।सेना ने कहा, कुल मिलाकर नौ (9) स्थलों को निशाना बनाया गया है। हमारी कार्रवाई केंद्रित, नपी-तुली और उकसावे की नहीं रही है। किसी भी पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठान को निशाना नहीं बनाया गया है। भारत ने लक्ष्यों के चयन और निष्पादन के तरीके में काफी संयम दिखाया है।पाकिस्तान स्थित लश्कर-ए-तैयबा की शाखा द रेजिस्टेंस फ्रंट ने कश्मीर के पर्यटन स्थल में 26 लोगों के नरसंहार की जिम्मेदारी ली थी।सोमवार को गुटेरेस ने हमले की कड़ी निंदा की और कहा, नागरिकों को निशाना बनाना अस्वीकार्य है - और जिम्मेदार लोगों को पारदर्शी, विश्वसनीय और वैध तरीकों से न्याय के कटघरे में लाया जाना चाहिए।

## एयरस्ट्राइक पर चीन ने जताई फिक्र, दोनों देश से संयम बरतने की अपील

बीजिंग (आरएनएस) । पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया है। भारत की एयर स्ट्राइक पर चीन के विदेश मंत्रालय का बयान आया है। चीन ने भारत के सैन्य ऑपरेशन पर फिक्र जाहिर की है।चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने बुधवार को कहा कि चीन को भारत के आज सुबह किए गए सैन्य ऑपरेशन पर अफसोस है। हम मौजूदा स्थिति को लेकर चिंतित हैं। भारत और पाकिस्तान हमेशा एक-दूसरे के पड़ोसी रहेंगे और दोनों चीन के भी पड़ोसी हैं। चीन हर तरह के आतंकवाद का विरोध करता है। हम दोनों देशों से शांति और स्थिरता के बड़े हित में काम करने, शांत रहने, संयम बरतने और ऐसे कदमों से बचने की अपील करते हैं जो स्थिति को और जटिल कर सकते हैं। इससे पहले भारत के एयर स्ट्राइक को लेकर पाकिस्तान के सूचना मंत्री अताउल्लाह तरार विदेशी मीडिया के सामने गिड़गिड़ाते दिखे।

## ऑपरेशन सिंदूर से भड़का तुर्की, भारत की कार्रवाई को बताया अनुचित और आक्रामक



इस्लामाबाद,(ए)। भारतीय वायुसेना ने ''ऑपरेशन सिंदूर'' के तहत पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठनों के मुख्यालयों को तबाह कर दिया गया है। भारत की इस कार्रवाई पर पाकिस्तान का दोस्त तुर्की भड़क गया है। तुर्की ने भारत के इस कदम को अनुचित आक्रामकता बताया है। तुर्की के विदेश मंत्री हाकन फिदान ने पाकिस्तान के उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक दार से फोन पर बात की और भारत के हमलों की निंदा की।

तुर्की के विदेश मंत्री हाकन फिदान ने उप-प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक दार से बात कर भारत की अनुचित आक्रामकता के खिलाफ पाकिस्तान के प्रति तुर्की की एकजुटता व्यक्त की। भारत ने पाकिस्तान की संप्रभुता का उल्लंघन किया और निर्दोष नागरिकों की जान ली है। उन्होंने क्षेत्रीय सुरक्षा स्थिति के बिगड़ने पर चिंता जताई। दोनों नेताओं ने इस बढ़ती स्थिति पर निकट समन्वय बनाए रखने पर सहमति जताई। बता दें भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान और पीओके में नौ आतंकी ठिकानों पर सटीक हमले किए। ये हमले 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में किए गए, जिसमें 28 लोग मारे गए थे। भारतीय रक्षा मंत्रालय ने कहा कि ये हमले केंद्रित, संयमित थे, और इसमें किसी भी पाकिस्तानी सैन्य सुविधा को निशाना नहीं बनाया गया।

हमलों में जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठनों के ठिकानों को निशाना बनाया गया है। इनमें पंजाब के बहावलपुर और मुरीदके साथ ही पीओके के कोटली और मुजफ्फराबाद जैसे स्थान शामिल थे। भारतीय सेना ने दावा किया कि ये हमले आतंकवाद के खिलाफ भारत की शून्य सहनशीलता नीति का हिस्सा हैं।

पाकिस्तान ने इन हमलों को युद्ध का कार्य करार देते हुए कड़ी प्रतिक्रिया दी। पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान को इस युद्ध के कार्य का जवाब देने का पूरा अधिकार है और हम इसका जवाब दे रहे हैं। पाकिस्तान के सैन्य प्रवक्ता लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने दावा किया कि भारत के हमलों में आठ लोग मारे गए और 35 घायल हुए हैं। पाकिस्तान एलओसी पर जवाबी गोलीबारी की, जिसमें पुंछ और राजौरी क्षेत्रों में आठ कश्मीरी नागरिकों की मौत हुई है। भारतीय सेना ने इसका करारा जवाब दिया। इसके अलावा, पाकिस्तान ने अपने पंजाब प्रांत में आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी और अपने हवाई क्षेत्र को बंद कर सभी उड़ानें रद्द कर दीं है।

## भारत की एयर स्ट्राइक के बाद इस्लामाबाद में स्कूल-कॉलेज बंद, आदेश जारी

इस्लामाबाद (आरएनएस)। भारतीय सेना द्वारा 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पीओके स्थित आतंकी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान में हड़कंप मच गया है। पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में सभी सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के स्कूलों और कॉलेजों को बंद रखने का आदेश जारी किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट कार्यालय इस्लामाबाद ने एक आदेश में कहा है कि मौजूदा सुरक्षा स्थिति के कारण यह अधिसूचित किया जाता है कि इस्लामाबाद राजधानी क्षेत्र के अधिकार क्षेत्र में सभी सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के स्कूल और कॉलेज 07 मई 2025 (बुधवार) को बंद रहेंगे। हालांकि, सभी निर्धारित परीक्षाएं 7 मई को योजना के अनुसार होंगी और इस पर कोई असर नहीं पड़ेगा।भारत ने 7 मई को पहलगाम आतंकी हमले का बदला लिया। भारतीय सेना ने नौ आतंकी ठिकानों पर ऑपरेशन सिंदूर को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। पीएम नरेंद्र मोदी लगातार इस पूरी सैन्य कार्रवाई पर नजर रखे हुए हैं।

भारतीय सेना के प्रवक्ता ने कहा, हमारे हमले केंद्रित और सटीक थे। हमने केवल उन आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया, जहां से भारत के खिलाफ हमले की योजना बनाई गई थी।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वरिष्ठ अधिकारियों के साथ रात भर ऑपरेशन की प्रगति पर बारीकी से नजर रखी। सूत्रों ने पुष्टि की कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकारों और सैन्य कमांडरों के साथ लगातार संपर्क में थे, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अभियान योजना के अनुसार आगे बढ़े।

# खेल समाचार

## आईपीएल प्लेऑफ के लिए अपनी उम्मीदें बनाये रखने पंजाब पर जीत के इरादे से उतरेगी दिल्ली

**शाम 7:30 बजे से होगा मैच**

धर्मशाला (ए)। आईपीएल में गुरुवार को अक्षर पटेल की दिल्ली कैपिटल्स का मुकाबला श्रेयस अय्यर की पंजाब किंग्स से होगा। इस मैच में दिल्ली का लक्ष्य किसी भी प्रकार जीत हासिल कर प्लेऑफ के लिए अपनी संभावनाएं बनाये रखना रहेगा। इस मैच में मिली हार से उसकी प्लेऑफ की संभावनाएं समाप्त हो जाएंगी। पिछले पांच मैचों में तीन हारने और एक का परिणान नहीं निकलने से दिल्ली के 11 मैचों में 13 अंक हैं और वह पांचवें स्थान पर है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ पिछले मैच में दिल्ली की बल्लेबाजों ने निराशाजन प्रदर्शन किसा था जिससे वह उबरना चाहेंगे। इस मैच में उसके शीर्ष पांच बल्लेबाज असफल रहे थे। पिछले मैच में करूण नायर से पारी की शुरूआत कराने का प्रयोग भी असफल रहा।

फाफ डु प्लेसी भी शॉट खेलने के प्रयास में अपना विकेट खो बैठे। अभिषेक पोरेल अच्छी शुरूआत का लाभ नहीं उठा पाये। वहीं टीम के मुख्य बल्लेबाज केएल राहुल भी पिछले मैच में विफल रहे थे। कप्तान अक्षर पटेल भी इस मैच में रन नहीं बना पाये। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ स्टेडियम बल्लेबाजों का सहायक रहा है ऐसे में यहां जमकर रन बनने की संभावनाएं हैं। यहां पंजाब किंग्स और लखनऊ सुपर जाइंट्स के बीच मैच में बड़ा स्कोर बना था।




वहीं दूसरी ओर पंजाब किंग्स इस मैच में जीत की प्रबल दावेदार नजर आती है। वह अब तक 11 में से केवल तीन मैच हारी है और तालिका में तीसरे स्थान पर है। उसके बाद शुरुआत से ही आक्रामक अंदाज में खेल रहे हैं जिसका लाभ उसके मिला है। उसके बल्लेबाज प्रभसिमरन सिंह शानदार फार्म में हैं। इस बल्लेबाज ने अबतक 437 रन बनाये हैं । कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी 405 रन बना लिए हैं जिसमें चार अर्धशतक शामिल है। वह इस आईपीएल में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले दूसरे बल्लेबाज हैं। प्रियांश आर्य ने 347 रन बनाये हैं जबकि नेहाल वढेरा और शशांक सिंह भी निचले क्रम पर तेजी से खेलते हैं। गेंदबाजी की बात करें तो दिल्ली के पास मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल जैसे गेंदबाज हैं जिनका सामना करना पंजाब के लिए आसान नहीं होगा। वहीं दूसरी ओर पंजाब के पास युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह के अलावा मार्को जानसेन जैसे गेंदबाज हैं जो दिल्ली के बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा लेंगे।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

टीमें

पंजाब किंग्स -श्रेयस अय्यर (कप्तान), युजवेंद्र चहल, अर्शदीप सिंह, मार्कस स्टोइनिस, नेहल वढेरा, ग्लेन मैक्सवेल, विशाक विजयकुमार, यश ठाकुर, हरप्रीत बराड़, विष्णु विनोद, मार्को जानसन, लॉकी फर्ग्यूसन, जोश इंगलिस, जेवियर बार्टलेट, कुलदीप सेन, पायला अविनाश, सूर्यांश शेडगे, मुशीर खान, हरनूर पन्नू, आरोन हार्डी, प्रियांश आर्य, अजमतुल्लाह उमरजई।

दिल्ली कैपिटल्स - अक्षर पटेल (कप्तान), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल, करुण नायर, लोकेश राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, समीर रिजवी, दर्शन नालकंडे, डोनोवन फरेरा, त्रिपुराना विजय, दुष्मंता चमीरा, फाफ डु प्लेसी, टी नटराजन, अजय जादव मंडल, मनवंत कुमार एल और माधव तिवारी।

## मुंबई ने हारी जीती हुई बाजी, गुजरात ने 3 विकेट से दर्ज की धमाकेदार जीत, गिल रहे मैच के हीरो

मुंबई,(आरएनएस)। गुजरात टाइटन्स ने मुंबई इंडियंस को आईपीएल 2025 के 56वें मुकाबले में डीएलएस नियम के तहत 3 विकेट से हरा दिया है. इस मैच में गुजरात टाइटंस ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. मुंबई इंडियंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 8 विकेट खोकर 155 रन बनाए. गुजरात टाइटंस ने डकवर्थ लुईस नियम के आधार पर 19 ओवर में 147 रन बनाकर 3 विकेट से मुंबई को हरा दिया. इस जीत से गुजरात टाइटंस प्वाइंट्स टेबल में 16 अंकों के साथ नंबर 1 का स्थान हासिल कर लिया है।

गुजरात के लिए 156 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के लिए शुभमन गिल और साई सुदर्शन पारी की शुरुआत करने के लिए आए. बोल्ट ने सुदर्शन को 5 रन के निजी स्कोर पर पवेलियन भेज दिया. इसके बाद जोस बटलर 30 रन बनाकर अश्विनी कुमार का शिकार बने. जब गुजरात 14 ओवर में 2 विकेट खोकर 107 रन बना चुकी थी. उस समय शुभमन गिल 42 बॉल में 2 चौके और 1 छक्के के साथ 38 रन बनाकर और शेरफेन रदरफोर्ड 12 बॉल में 2 चौके और 2 छक्कों के साथ 26 रन बनाकर खेल रहे थे. तब बारिश ने दस्तक दी और मैच को रूक गया.

इसके बाद जब मैच चालू हुआ तो शुभमन गिल 48 रन बनाकर जसप्रीत बुमराह की गेंद पर बोल्ड हो गए. इसके बाद शेरफेन रदरफोर्ड को 28 रनों के स्कोर पर बोल्ट की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हो गए. इसके बाद बुमराह ने शाहरुख खान को 5 रन के निजी स्कोर पर बोल्ड कर दिया. राशिद 3 के रन बनाकर अश्विनी कुमार का शिकार बने. गुजरात ने 18 ओवर में 6 विकेट खोकर 132 रन बना लिए थे और बारिश ने मैच को फिर से रोक दिया।

इस समय तक गुजरात को जीत के लिए 12 बॉल में 24 रन बनाने थे लेकिन बारिश के बाद जब खेल फिर से 12:30 बजे शुरू हुआ तो डकवर्थ लुईस नियम के तहत गुजरात को जीत के लिए 6 बॉल में 15 रन बनाने को मिले, क्रीज पर राहुल तेवतिया और गेराल्ड कोएत्जी क्रीज पर आए. मुंबई के लिए यह ओवर दीपक चाहर डालने के लिए आए. गुजरात इस ओवर में की पहली गेंद पर तेवतिया ने चौका लगा दिया. दूसरी बॉल पर उन्होंने सिंगल लिया. तीसरी गेंद कोएत्जी ने छक्का लगा दिया. ऐसे में गुजरात को जीत के लिए 3 बॉल में सिर्फ 4 रन बनाने थे।

कुमार ने 2-2 विकेट हासिल किए जबकि दीपक चाहर ने 1 विकेट लिया।

## गुजरात टाइटंस के लिए आई बड़ी खुशखबरी

**-घातक गेंदबाज कगिसो रबाडा टीम में फिर से हुआ शामिल**

नई दिल्ली,(ए)। गुजरात टाइटन्स के क्रिकेट निदेशक विक्रम सोलंकी ने दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज कगिसो रबाडा की वापसी के बारे में स्थिति स्पष्ट कर दी है. उन्होंने कहा है कि, 29 वर्षीय खिलाड़ी ने अपना अस्थायी निलंबन पूरा कर लिया है और वह मंगलवार को मुंबई इंडियंस के खिलाफ गुजरात टाइटंस के अगले मैच के लिए उपलब्ध होंगे।



दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को नशीली दवा लेने के लिए सकारात्मक परीक्षण किया गया था. अप्रैल में वह फ्रेंचाइजी के लिए कुछ मैच खेलने के बाद घर लौट आए और कहा गया कि वह उस समय व्यक्तिगत कारणों से वापस लौटे थे. हालांकि तेज गेंदबाज ने हाल ही में खुलासा किया कि उन्हें मंगलवार को नशीली दवा लेने का दोषी पाया गया और उन्हें अस्थायी निलंबन दिया गया।

जीटी के निदेशक विक्रम सोलंकी ने कहा, जहां तक कल के मैच का सवाल है तो बात यह है कि पिछले एक महीने में लिए गए सभी निर्णयों और जो कुछ भी हुआ है, उसे देखते हुए वह अब उपलब्ध हैं. दूसरी बात जो मैं रिकॉर्ड पर रखना चाहता हूं वह यह है कि जहां तक प्रक्रिया और प्रोटोकॉल का सवाल है. इस प्रकरण में शामिल सभी लोग कैगिसो से लेकर उनके प्रतिनिधि सभी मामलों में जहां तक आवश्यकताओं का पालन किया गया है. हम कगिसो के इर्द-गिर्द भावनाओं के प्रति भी सचेत रहने की कोशिश करते हैं. लेकिन यह सब कहने के बाद, वह अब समय, प्रतिबंध 30 दिनों के निलंबन की सजा पूरी कर वापस आ गया है।

जीटी वर्तमान में आईपीएल 2025 के प्लेऑफ में आगे बढ़ने की मजबूत स्थिति में है. वो 10 मुकाबलों में सात जीत और तीन हार के साथ अंक तालिका में चौथे स्थान पर हैं. वह अब दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल के लिए भी उपलब्ध होंगे जो अगले महीने खेला जाना है. 29 वर्षीय यह खिलाड़ी 2023-25 विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र में 19.97 की गेंदबाजी औसत के साथ 47 विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीका का सबसे अधिक विकेट लेने वाला गेंदबाज था।

## गिलक्रिस्ट ने किया अर्शदीप की तारीफ



सिडनी (ए)। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर एडम गिलक्रिस्ट ने आईपीएल में पंजाब किंग्स की ओर से खेल रहे बांए हाथ के युवा गेंदबाज अर्शदीप सिंह की जमकर प्रशंसा की है। गिलक्रिस्ट ने अर्शदीप को विश्व स्तर का गेंदबाज़ बताया और कहा कि वह लगातार बेहतर होते जा रहे हैं और किसी भी प्रकार के हालातों में मैच को बदलने की क्षमता रखते हैं। गिलक्रिस्ट ने कहा, मैं अर्शदीप की परिपक्वता और आत्मविश्वास से काफी प्रभावित हूं। जिस तरह से वह दबाव में गेंदबाज़ी करता है, खासकर डेथ ओवर्स में, वो किसी भी विश्व स्तर के गेंदबाज से कम नजर नहीं आत है। अर्शदीप ने इस सीज़न में अपनी लाइन और लेंथ से बल्लेबाज़ों के लिए परेशानी खड़ी की है। वह ना सिर्फ विकेट लेने में सफल रहे हैं, बल्कि रनों पर भी अंकुश लगाने में सफल रहे हैं। इस गेंदबाज ने इस सत्र में खेले 10 मैचों में अब तक 16 विकेट लिए है। गिलक्रिस्ट के इस बयान से अर्शदीप को मनोबल और बढ़ना तय है। अर्शदीप अपनी जबरदस्त गेंदबाजी से पर्पल कैप की रेस में शीर्ष तीन गेंदबाजों में शामिल हैं। इससे पहले टी20 विश्वकप में भी इस युवा गेंदबाज ने अच्छा प्रदर्शन किया था।

## बाउचर ने शुरुआत में मेरी सहायता की थी : विराट

बेंगलुरु (ए)। आईपीएल में आजकल रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आसीबी) की ओर से शानदार बल्लेबाजी कर रहे विराट कोहली ने कहा है कि पूर्व दक्षिण अफ्रीकी विकेटकीपर-बल्लेबाज मार्क बाउचर ने एक समय उनकी सहायता की थी। विराट के अनुसार फ्रैंचाइजी के साथ आईपीएल के शुरुआती सत्र में उन्हें शॉर्ट गेंदों को खेलने में परेशानी आ रही थी। जिसे दूर करने में बाउचर आगे आये थे। विराट ने कहा कि बाउचर इस मानसिकता के साथ आए थे कि वह भारतीय खिलाड़ियों की सहायता करने जा रहे हैं। बाउचर ने उनसे कहा था कि अगर वह सभी प्रारूपों में भारत के लिए नहीं खेलते हैं तो वह खुद को ही नुकसान पहुंचाने जैसा होगा।

कोहली ने कहा, इसलिए उन्होंने पता लगाया कि मेरी कमजोरियां क्या हो सकती हैं। साथ ही कहा कि अगर मैं अगले स्तर पर जाना चाहता हूं, तो मुझे अपनी कमजोरियों को ठीक करन होगा। इसके बाद वह मुझे नेटस पर ले गए।

## नेपाल अंतराष्ट्रीय माउंट एवरेस्ट कराते स्पर्धा के लिए टीम घोषित

भोपाल (ए)। नेपाल कराते महासंघ के तत्वाधान में एवं विश्व कराते संघ के सानिध्य में दिनांक 16 से 19 मई तक काठमांडू नेपाल में आयोजित होने वाली 11वि माउंट एवरेस्ट अंतर्राष्ट्रीय कराते स्पर्धा में रतलाम भोपाल व इंदौर के 10 खिलाड़ी



एलेट स्पोर्ट्स से देश का प्रतिनिधित्व करेंगे ये खिलाड़ी स्कूल शिक्षा विभाग की संभाग स्तरीय स्पर्धा एवं खेल युवा कल्याण की राज्य स्तरीय फेंसिंग व कराते स्पर्धा में भी खेल चुके है । हाल ही में ऋषिकेश में हुई राष्ट्रीय कराते स्पर्धा में भी पदक हासिल कर चुके है । चयनित खिलाड़ियों में इंदौर से राजवीर सिंह जादौन, शुभ गांधी ,रचित खोट , साक्षी लोधी शामिल है । रतलाम से आर्यन बाली ,चयन भाटी ,शौर्य चावड़ा , माही बाली शामिल है । भोपाल से अश्विन राठौर एवं माही धारू शामिल है । स्पर्धा के मुख्य अतिथि नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहाल होंगे । टीम के मुख्य कोच अमय लश्करी होंगे ।

## गुजरात से हारने के बाद मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या ने नो-बॉल पर बोली बड़ी बात

मुंबई,(आरएनएस)। वानखेड़े में बारिश से बाधित मैच में गुजरात टाइटन्स ने मुंबई इंडियंस को 3 विकेट से हराकर अंक तालिका में 16 पॉइंट्स के साथ टॉप पर पहुंच गई है. अब उन्हें प्लेऑफ की सीट कंफर्म करने के लिए 3 मैचों में केवल एक मैच जीतने होंगे।

वहीं दूसरी ओर इस हार से मुंबई इंडियंस की जहां लगातार 6 जीत के अभियान पर रोक लग गई वहीं उन्हें सबसे बड़ा झटका ये लगा कि अब एमआई को प्लेऑफ की सीट पक्की करने के लिए बाकी बचे हुए दोनों मैच जीतने होंगे. मुंबई के 12 मैचों के बाद 14 पॉइंट्स हैं।

मैच हारने के बाद मुंबई के कप्तान हार्दिक पांड्या ने नो बॉल को मैच हारने का जिम्मेदार ठहरा दिया. उन्होंने कहा कि करीबी और रोमांचक मैच में नो बॉल करना मेरी नजर में एक अपराध है. उन्होंने कहा कि दो नो-बॉल मेरे द्वारा फेंकी गई और एक दीपक चाहर द्वारा अंतिम ओवर में फेंकी गई, जो बहुत कम अंतर से तय हुए मैच में महंगी साबित हुई।

बता दें कि 147 के पुनर्निर्धारित लक्ष्य के अंतिम ओवर में 15 रन का बचाव करते हुए, दीपक चाहर ने महत्वपूर्ण क्षण में नो-बॉल किए जाने से मुंबई की उम्मीदें धराशायी हो गई. इससे पहले, आठवें ओवर में पांड्या ने नो-बॉल कर के अपने ओवर में 18 रन खर्च कर दिए थे. पंड्या ने ये भी कहा कि इस नो बॉल ने निश्चित रूप से हमें नुकसान पहुंचाया, लेकिन मुझे हमारे द्वारा दिखाए गए संघर्ष पर गर्व है।

# सीए बनना चाहती है आस्था



नर्मदापुरम (निप्र) । जिले की प्रवीण्य सूची में शामिल समेरिटन्स स्कूल माखन नगर की छात्रा आस्था भविष्य में सीए बनना चाहती है। ज्ञात रहे कि आस्था ने कक्षा 12 वीं में कॉमर्स संकाय में जिले में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। उसने परीक्षा में 94.8 अंक अर्जित किए। आस्था केथवास माँ आरती कैथवास समेरिटंस विद्यालय में ही कार्यरत हैं। उनकी तीन बेटियां विद्यालय में ही शिक्षा ग्रहण करती हैं। उनकी आर्थिक स्थिति और प्रतिभा को देखते हुए शाला के डायरेक्टर डॉ आशुतोष कुमार शर्मा ने बेटियों को निःशुल्क शिक्षा देने का वचन दिया और उसे निभाया। बेटियों ने भी अपने परिश्रम से उन्हें कभी निराश नहीं किया। आस्था की बड़ी बहन याशिका कैथवास ने वर्ष 2019-2020 में बोर्ड परीक्षा में 83 प्रतिशत यशना कैथवास ने वर्ष 2022-2023 में 80 प्रतिशत अंक अर्जित किए थे। आस्था की मां ने बेटियों की सफलता का सारा श्रेय डायरेक्टर डा शर्मा को दिया।

# योगिता प्रीतम बड़कुर का सुयश



नर्मदापुरम (निप्र) । योगिता प्रीतम बड़कुर एम पी बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त किया कर परिवार व स्कूल का नाम रोशन किया है। सेंट जेवियर हायर सेकेंडरी स्कूल प्रताप नगर रसूलिया की कक्षा 10 वीं की छात्रा कुमारी योगिता बडकुर ने सभी विषयों में उच्चतम अंक प्राप्त कर 95 प्रतिशत अंक हासिल करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस अवसर पर स्कूल संचालिका अनीता नामदेव एवं शाला परिवार शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ ही स्कूल स्टॉप सहित परिजनों परिचितों में शांति शेर सिंह बड़कुर मोहन सिंह माखन सिंह बडकुर अंच्छारामए राजेंद्र प्रीतम कैलाश राहुल मुकेश पंकज योगेश बड़कुर शंकर लाल मौर्य शिक्षक एवं इष्ट मित्र पायल कमल, आंनदी नामदेव शुभम मीणा प्रिंसी पटेल मानसी साहू दिशा कमल खुशी सैनी केशव नामदेव पीयूष गौर कृति दुबे प्रथम मालवीय एवं अन्य सभी शुभचिंतको ने बधाई देते हुए उज्जल भविष्य की कामना की।

# वैष्णवी राय 93.4 प्रतिशत अंक लाकर बनी स्कूल टापर



नर्मदापुरम (निप्र) । पं रामलाल शर्मा हाई स्कूल की छात्रा वैष्णवी राय ने कक्षा दसवी बोर्ड के परीक्षा परिणाम में स्कूल में टाप किया है। छात्रा ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संस्था में प्रथम स्थान बनाया है। इस उपलब्धि पर संस्था के प्राचार्य, शिक्षक शिक्षिकाओं समेत परिवारजनों ने शुभकामनाएं दी। वहीं छात्रा वैष्णवी ने बताया कि शिक्षकों के मार्गदर्शन में नियमित अभ्यास व रिवीजन किया। तथा परीक्षा के दिनों में मोबाइल व इंटरनेट से दूरी बना ली थी। इस कारण तनाव से दूर रही। व प्रश्नपत्रों को हल करने में आसानी हुई। उन्होने बताया कि वे आगे भी निर्धारित लक्ष्य बनाकर सतत पढाई जारी रखेगीं।

# सभी सरपंच एवं पंच अपनी पंचायतों को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाएं : मंत्री प्रहलाद पटेल

**जब सभी सरपंच तय कर लें की मेरे गांव में पानी की कोई कमी नहीं होगी तभी जल गंगा संवर्धन अभियान सफल है**






नर्मदापुरम (निप्र)। मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि पंच एवं सरपंच हमारे हनुमान है, हम उन्हें हनुमान मानते हैं क्योंकि पंच सरपंच सरकार की ताकत है। समाज से लेना एवं समाज को वापस लौटना पंच सरपंचों का कार्य है। पंच सरपंच के कारण गांव में विकास के कार्य होते है। गांव में संस्कार समृद्धि एवं शांति बनी रहती है। मंत्री प्रहलाद पटेल बुधवार को सोहागपुर तहसील के ग्राम सेमरी हरचंद में आयोजित पंच सरपंच सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। श्री पटेल ने कहा कि पूर्व में पंच एवं सरपंचों को ना अधिकार मिलता था ना ही शासन से पैसा मिलता था, लेकिन हमारी सरकार ने पंच एवं सरपंचों को अधिकार संपन्न तो बनाया ही साथ ही विकास कार्य के लिए राशि का आवंटन भी किया। पूर्व में सभी सरपंचों को गांव के विकास कार्य के लिए 15 लाख रुपए की राशि दी जाती थी, इसके लिए भी उन्हें जिला पंचायत में स्वीकृति के लिए जाना पड़ता था लेकिन हमने उस राशि को बढ़ाकर 25 लाख रुपए कर दिया है। अब सभी सरपंच अपनी पंचायत में विकास के कार्य करा सकेंगे। अपनी पंचायत को ई पंचायत बन सकेंगे। श्री पटेल ने कहा कि पूर्व में एक पंचायत भवन बनाने के लिए 17 लाख रुपए की राशि दी जाती थी लेकिन अब शासन ने उसे बढ़ाकर 38 लाख रुपए तक कर दिया है और पंचायत भवन अब तीन मंजिला तक बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि मध्य प्रदेश में 11 53 अटल सेवाग्राम सदन बनाए गए हैं एवं 1800 की स्वीकृति भी शीघ्र दी जाएगी। अब सभी ग्राम पंचायत भवन सर्व सुविधा युक्त रहेगी। श्री पटेल ने कहा कि सभी सरपंच एवं पंच अपनी ग्राम पंचायत को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी पंचायत बनाएं। शासन द्वार विकास कार्य के लिए दी गई राशि का समुचित उपयोग करें और हर सरपंच यह प्रयास करें कि वह अपनी ग्राम पंचायत की आय कैसे बढ़ा सके इसके लिए प्रयास करें। छोटे-छोटे रोजगार का सृजन करें। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि यदि सभी सरपंच तय कर ले कि हमारे ग्राम पंचायत में पानी की कमी नहीं होगी एवं वे छोटे-छोटे जल स्त्रोतों को पुनर्जीवित करने के लिए बावड़ी, तालाब, सरोवरों का पुर्नउद्धार कर ले, नाला एवं नालियों की साफ सफाई कर ले एवं वॉटर रिचार्ज के प्रयास करें तो जल गंगा संवर्धन अभियान अपने आप में सफल हो जाएगा। श्री पटेल ने कहा की मनुष्य की तुलना में वृक्ष कम है। गांव का जलस्तर लगातार नीचे जा रहा है सभी सरपंच खेत तालाब बनाएं एवं पानी की एक-एक बूंद का संरक्षण करें।। सभी सरपंच शासकीय भूमि का समुचित उपयोग करें तथा छोटे-छोटे रोजगार सृजन कर पंचायत की आय में वृद्धि करें औरअपनी पंचायत को स्वावलंबी बनाएं।

# पलक मति नदी एवं छोटी सहायक नदियों को हम 12 महीने प्रवाहमान बनाएं : मंत्री प्रहलाद पटेल

नर्मदापुरम (निप्र) । प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम विभाग के मंत्री प्रहलाद पटेल बुधवार को नर्मदा पुरम जिले के प्रवास पर थे, मंत्री श्री पटेल ने सोहागपुर पहुंचकर अमृत 2.0 योजना अंतर्गत जल निकाय पुनरुत्थान की पट्टिका का भूमि पूजन किया। वाटर बॉडी की पट्टिका की कुल लागत 50, 81 लाख रुपए है। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए श्री पटेल ने कहा कि पलक मति नदी एवं उसकी सहायक नदियों को 12 महीने प्रवाहमान बनाया जाना आवश्यक है क्योंकि यह नदिया नर्मदा नदी की सहायक नदियां हैं और उनके प्रवाह मान रहने से मां नर्मदा में भी प्राण रहेंगे और वह भी प्रवाहमान रह सकेगी। श्री पटेल ने कहां की हम अपनी जन्म देने वाली मां पर गंदगी नहीं कर सकते हैं तो मां नर्मदा भी हमारी मां है तो हम सब यह संकल्प लें कि हम अपनी मां नर्मदा नदी पर गंदगी एवं कचरा नहीं डालेंगे। उन्होंने कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत छोटी नदियों में साफ सफाई एवं स्वच्छता का कार्य किया जा रहा है, साथ ही इनमें जल स्रोत लाने का भी प्रयास किया जा रहा है।

# बोर्ड परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थी निराश ना हो, परिणाम सुधार के लिए अभी और भी मौके हैं : कलेक्टर सोनिया मीना

**द्वितीय परीक्षा के लिए 07 मई 2025 से 21 मई 2025 तक कर सकेंगे आवेदन**



नर्मदापुरम (निप्र) । कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना ने माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा जारी बोर्ड परिक्षाओं में अनुत्तीर्ण हुए परीक्षार्थियों से कहा है कि ऐसे विद्यार्थी जो कि गत दिवस जारी परीक्षा परिणामों में अनुत्तीर्ण हो गए हो ऐसी सभी विद्यार्थी निराश न हों एवं शासन द्वारा निर्धारित द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होकर अपना परीक्षा परिणाम सुधार सकते हैं। ऐसे छात्रों के लिए, जो मण्डल की प्रथम परीक्षा के परीक्षा परिणाम में एक या एक से अधिक विषयों में अनुपस्थित/अनुर्तीण रहे हों। द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित हो सकेंगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार ऐसे अभ्यर्थी, जो किसी विषय में उर्तीण हो गए हों, वे भी अंक सुधार हेतु सम्मिलित हो सकेंगे। किन्तु अनुर्तीण/अनुपस्थित विषय में आवेदन-पत्र भरना अनिवार्य होगा। सत्र 2024-25 की हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिए एम.पी. ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से 07 मई 2025 से 21 मई 2025 की रात्रि 12:00 बजे तक आवेदन-पत्र भरे जा सकेंगे।वर्ष 2025 की हाईस्कूल 10वी कक्षा की द्वितीय परीक्षा 17 जून 2025 से 26 जून 2025 तक एवं हायर सेकण्डरी 12वी कक्षा की द्वितीय परीक्षा 17 जून 2025 से 05 जुलाई 2025 तक प्रात: 09:00 से 12:00 बजे तक निर्धारित परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम मण्डल की वेबसाईटwww. mpbse.nic.in पर उपलब्ध है।

## जिले की नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन योजना तैयार रखी जाए : कलेक्टर सुश्री मीना

नर्मदापुरम (निप्र) / गृह मंत्रालय भारत सरकार एवं मध्य प्रदेश शासन द्वारा जिले की सुरक्षा योजना बनाकर उसकी समीक्षा कर आवश्यकता पड़ने पर उसमें संशोधन किए जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। इसी तारतम्य में बुधवार को कलेक्टर कार्यालय के रेवासभा कक्ष में नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन की तैयारी के संबंध में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।बैठक के दौरान नागरिक सुरक्षा योजना के अंतर्गत उद्योगों, नागरिक सुविधाओं, रासायनिक, परमाणु एवं अन्य औद्योगिक प्रतिष्ठानों, जल विद्युत परियोजनाओं एवं अन्य महत्वपूर्ण संस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।कलेक्टर सुश्री मीना ने जिले के संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी रूप से निपटने हेतु सुव्यवस्थित राहत एवं बचाव योजना पूर्व से तैयार रखी जाए। इसमें अग्निशमन एवं रेस्क्यू टीमों की तत्परता, इमारत ढहने जैसी घटनाओं की स्थिति में तत्काल बचाव कार्यवाही, एवं प्रभावित नागरिकों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

# अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मध्यभारत नर्मदापुरम ने किया सम्मान





नर्मदापुरम (निप्र)। अखिल भारतीय कायस्थ महासभा मध्यभारत नर्मदापुरम जिला अध्यक्ष शैलेन्द्रनाथ श्रीवास्तव के नेतृत्व में महा तपस्वी अखिल भारतीय पदयात्रा समिति के अध्यक्ष स्वामी निर्मल चैतन्य पूरी जी महाराज, स्वामी विज्ञानंद सरस्वती सुखताल, स्वामी राजेश दास, ओपी श्रीवास्तव पूर्व गृह सचिव मप्र शासन श्रीमती भारती श्रीवास्तव का शाल श्रीफल भेंट कर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में नर्मदापुरम डीआईजी प्रशांत खरे भी विशेष रूप से उपस्थित हुए। बताया गया कि स्वामी जी पूरे भारत की 21 हजार किलोमीटर की पैदल पदयात्रा कर रहे हैं। कार्यक्रम में प्रांतीय सचिव राजीव खरे बृजेश श्रीवास्तव मुकेश श्रीवास्तव तेजकुमार गौर अतुल श्रीवास्तव अजय निगम राजेश कुलश्रेष्ठ विजय प्रकाश श्रीवास्तव पवन सक्सेना लता सक्सेना जयवाला निगम संजय श्रीवास्तव सुरेंद्र वर्मा प्रवीण निगम सीमा कुलश्रेष्ठ मृदुला वर्मा अनुजा श्रीवास्तव सुलेखा श्रीवास्तव प्रतिभा श्रीवास्तव संध्या निगम आदि सामाजिक बंधु उपस्थित रहे।

# नेशनल लोक अदालत के लिए प्रचार-प्रसार वाहन रवाना किया गया



नर्मदापुरम (निप्र)। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश और मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम द्वारा नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसी सिलसिले में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश नर्मदापुरम द्वारा प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाई। न्यायाधीश एवं सचिव श्री विजय कुमार पाठक ने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन शनिवार 10 मई को आयोजित होना है।

इसके जरिए न्यायालयों में लंबित सभी प्रकार के समझौता योग्य आपराधिक प्रकरण चेक बाउंस, मोटर दुर्घटना, क्षतिपूर्ति दावा विद्युत एवं जलकर, पारिवारिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, बैंक ऋण की वसूली के प्रकरण, सिविल न्यायालय में लंबित राजस्व प्रकरण व अन्य प्रकार के दीवानी प्रकरणों का आपसी सुलह समझौते के माध्यम से निराकृत किए जाएंगे। प्रिलिटिगेशन प्रकरणो में विद्युत विभाग, नगर पालिका एवं बैंक के रिकवरी प्रकरणो निराकरण हेतु रखा जाएगा। पक्षकारगण से अनुरोध है कि अपने विवाद का निराकरण आपसी राजीनामा कर हमेशा के लिए समाप्त करें। उक्त अवसर पर समस्त न्यायाधीशगण एवं विद्युत विभाग उप महाप्रबंधक अवधेश त्रिपाठी व जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय सिंह उपस्थित रहे।

# ग्रीष्मकालीन सांस्कृतिक कलाओं की कार्यशाला का शुभारंभ



नर्मदापुरम (निप्र) । चक्रधर कल्चरल सेंटर भोपाल के द्वारा नर्मदापुरम शहर में ग्रीष्मकालीन सांस्कृतिक कलाओं की प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारभ शहर के प्रतिष्ठित मार्ग दर्शक संगीत कलाकार राम सेवक शर्मा पीके साईं रानू सराठे उत्कर्ष तिवारी एवं ड्राइंग प्रशिक्षक की उपस्थिति में मुदगल भवन कंचन नगर देवी मंदिर के सामने शुभारम्भ किया गया। संस्था की अध्यक्ष प्रीति मुद्गल तिवारी ने ये अवगत कराया है कि संगीत गायन वादन एवं नृत्य की शिक्षा के साथ अन्य बिधाओं जैसे क्राफ्ट पेंटिंग चित्रकला एवं फ्री स्टाइल डांस आदि का भी प्रशिक्षण दिया जावेगा। कार्यशाला हेतु संस्था का मूल उद्देश्य देश की संस्कृति को आगे बढ़ना एवं नई पीढ़ी हमारे देश की संस्कृति से अवगत कराना है।कार्यशाला का शुभारंभ 7 मई को होगा एवं 7 जून को सम्पन्न होगा इस एक माह में जो भी सिखाया जाएगा उसका प्रदर्शन कार्यशाला के समापन में होगा। आयोजन की समन्वय श्रीमती कुसुम मुद्गल व प्रीति मुद्गल तिवारी जी द्वारा होगा। कार्यशाला में निम्न विधाएं सिखाई जाएगी ऋगायन वादन नृत्य क्लासिकल फॉक फ्री स्टाइल डांस आर्ट-क्राफ्ट एपेंटिंग हैंड राइटिंग इंप्रूवमेंट स्किल्स कोरियोग्राफी स्किल्स आदि।

चक्रधर कल्चरल सेंटर जो की नाम से प्रतिपादित है कल्चरल हमारी संस्कृति हमारी धरोहर को सजोकर रखने का हम प्रयास कर रहे है।

आने वाली नई पीढ़ी देश की संस्कृति को सीख सके समझ सके सजो सके ऐसा चक्रधर कल्चरल सेण्टर का प्रयास है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सिमारा ग्राम में प्राचीन कुएं का संरक्षण, ग्रामीणों ने लिया जल स्रोतों के संवर्धन का संकल्प

नर्मदापुरम (निप्र) । मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद् के मार्गदर्शन में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत आदर्श ग्राम सिमारा (सेक्टर क्रमांक-4) में जल स्रोतों के संरक्षण की दिशा में ग्रामवासियों एवं पंचायत के सामूहिक प्रयास से ग्राम के प्राचीन कुएं की सफाई की गई और उसके ऊपर लोहे का फ्रेम लगाकर उसे संरक्षित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने गांव का पानी गांव में, खेत का पानी खेत में के नारे के साथ जल संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। इस अभियान ने न सिर्फ ग्रामवासियों में जागरूकता का संचार किया, बल्कि सामूहिक सहभागिता के माध्यम से जल स्रोतों के प्रति सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को भी प्रबल किया। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था मंजू महिला शिक्षा एवं कल्याण समिति के प्रतिनिधि आशीष शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि राधेलाल रघुवंशी, ग्राम पंचायत सचिव प्रकाश पटेल, रोजगार सहायक बृजेश कुमार प्रजापति, आदर्श वाटिका के शैतान सिंह, मेंटर देवेंद्र पटेल तथा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति आदर्श ग्राम सिमारा की टीम सहित अनेक ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# हैंडबॉल समर कैंप जारी, खिलाड़ी सीख रहे बारीकियां



नर्मदापुरम (निप्र) । खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा समेरिटंस विद्यालय मैदान पर हैंडबॉल समर कैंप चल रहा है। यह कैंप 31 मई तक चलेगा। यह समर कैंप पूरी तरह निशुल्क है जिसमें लगभग 80 खिलाड़ी सुबह 6 से 8 बाजे तक और शाम को साढ़े 5 बजे से साढ़े 7 बाजे तक भाग ले रहे हैं। एनआईएस कोच ऑस्कर एरिन मोजिस ने बताया कि खिलाड़ियों में उत्साह देखा जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर सचिन खम्परियाए कोच विनोद साहू विशेष सहयोग कर रहे हैं। खेल और युवा कल्याण अधिकारी सुश्री उमा पटेल, डायरेक्टर डॉक्टर आशुतोष शर्मा, शाला प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत द्वारा समय.समय पर इस कैंप का निरीक्षण किया जा रहा है।


## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग, संभाग क्र.-1, नर्मदापुरम ( म.प्र. )

**:: निविदा आमंत्रण सूचना ::**

**निविदा सूचना क्र0 09/2025/e-Tender/N.Puram** दि0 02/05/2025

निम्नलिखित कार्यो हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है:-

| स0 क्रं0 | टेण्डर क्रमांक | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | कार्य की अनुमानित राशि (लाख में) | अमानती राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_PWDRB_420796 | नर्मदापुरम | सड़क कार्य | लोक निर्माण विभाग,संभाग क्रं.1 नर्मदापुरम के मार्गो पर मरम्मत एवं पेच रिपेयर का जोनल कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए) | प्रथम | 50.00 | 50000/- |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 16/05/2025 सायं 17:30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन0आई0टी0 एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। मूल एफ0 डी0 आर0 एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही प्राप्त किए जावेंगे।

जी/12486/25

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें, अपनी व दूसरों की जान बचायें

कार्यपालन यंत्री,
लो0नि0वि0 संभाग नर्मदापुरम


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित।
स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 (नर्मदापुरम मो. 9926434695) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com